जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

उदयपुर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर, बुधवार 27 जुलाई, 2022



## विचार बिन्दु

जब पैसा बोलता है तब सत्य मौन रहता है। –कहावत

# राज किसका–कानून का या माफिया का?

गत दिनों हरियाणा के नूंह जिले में पुलिस उप अधीक्षक जब अवैध खनन रोकने के लिए गए तो उन्हें डंपर के नीचे कुचल दिया गया। गुजरात और झारखंड में भी इसी प्रकार अवैध खनन पर कार्यवाही करने गए पुलिस अधिकारियों की हत्या कर दी गई। इन नृशंस घटनाओं के बाद, अवैध खनन का विषय एक बार पुनः देश में चर्चा में है।

राजस्थान की अरावली पहाड़ियां और यहां की नदियाँ भी उन प्रमुख स्थानों में सम्मिलित हैं जो अवैध खनन के केंद्र रहे हैं। सर्व विदित है कि अवैध खनन जिस पैमाने पर हो रहा है, वह किसी व्यक्ति के स्तर पर सम्भव नहीं है, अपितु यह एक संगठित गिरोह है जो अरावली की पहाड़ियों को काट रहा है एवं नदियों के तट से बजरी निकाल कर पर्यावरण को खतरा पहुंचा रहा है। यह गिरोह एक माफिया की तरह काम करता है एवं इससे अकूत काला धन सृजित होता है। उच्चतम न्यायालय के कई आदेश भी अब तक अवैध खनन को रोकने में सफल नहीं हो पाए हैं।

सामान्यतया, खनिज विभाग और पुलिस अधिकारियों की खनन माफिया से मिलीभगत के कारण यह कार्य निर्बाध रूप से चलता रहता है। दिखाने के लिए कभी–कभार कुछ प्रकरणों में कार्यवाही कर जुर्माना लगा दिया जाता है। जिस प्रकार की बड़ी धनराशि अवैध खनन से उत्पन्न होती है वह राज्य के विभिन्न स्तरों तक पहुंचती हो, इसमें किसी प्रकार का कोई संदेह नहीं है। इस बंदरबांट में नेतागण, पुलिस विभाग और खनन विभाग के अधिकारी सम्मिलित हैं। किसी समय माना जाता था कि खनन माफिया समानांतर सरकार की तरह है किन्तु अब तो ऐसा लगता है ये समानांतर नहीं अपितु असली सरकार ही है। सारे कानून, नियम तक बनाने में इनका प्रभाव काम करता है। नियम इस तरह के बनाए जाते है कि माफिया के काम में कोई बाधा उत्पन्न न हो।

माफिया केवल खनन के क्षेत्र में ही नहीं है। अन्य क्षेत्रों में भी गत कुछ सालों में माफिया पनपा है जैसे भू–माफिया, परिवहन माफिया, शराब माफिया और कोचिंग माफिया। आइए देखें, ये कैसे काम करते हैं और राज्य की नीति निर्माण प्रक्रिया पर इनका कितना प्रभाव है।

परिवहन माफिया का अर्थ है, बिना अधिकृत परमिट के यात्री एवं माल परिवहन का कार्य करना। राज्य सरकार के परिवहन विभाग द्वारा यात्रियों को लाने, ले जाने के लिए विभिन्न प्रकार के परमिट जारी किए जाते हैं। इनका कार्य क्षेत्र कभी एक राज्य, कुछ राज्यों के समूह अथवा अखिल भारतीय स्तर का होता है। जितने भी वीडियो कोच राजस्थान में चल रहे हैं, उन सब के लिए परमिट केवल पर्यटन वाहन के रूप में एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने के लिए जारी किया जाता है। ये अवैध रूप से, एक स्थान से गंतव्य तक जाने के बीच में जो शहर होते हैं उनके भी यात्रियों को बिठाकर उनसे पैसा वसूल करते रहे हैं। जितने ट्रिप के लिए परमिट जारी किए जाते हैं, उनसे कहीं अधिक यह वीडियो कोच कर लेते हैं। इस प्रकार राज्य सरकार को राजस्व का चूना लगाते हैं। विभिन्न प्रकार की प्रतिबंधित वस्तुओं के परिवहन के लिए भी वीडियो कोच को सुरक्षित साधन माना जाता है। यात्री वाहनों के नाम परमिट जारी करा कर उनमें माल परिवहन का कार्य भी धड़ल्ले से किया जाता है। विभिन्न प्रकार का व्यावसायिक परिवहन, निजी वाहन रजिस्ट्रेशन के आधार पर भी हो रहा है।

जीएसटी की चोरी और अवैध परिवहन का चोली दामन का साथ है। यदि अवैध माल परिवहन पर कार्रवाई की जाएगी तो स्वतः जीएसटी की चोरी भी पकड़ में आ जाएगी। सामान्यतया निजी बसों को परमिट उन्हीं मार्गों के लिए दिये जाते हैं जो छोटे शहरों, गावों को जोड़ते हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों पर राजस्थान रोडवेज की बसें चलाई जाती हैं। होता यह है कि परमिट तो अपेक्षाकृत छोटे स्थानों को जोड़ने के नाम से लिया जाता है किंतु वास्तव में उन पर न चलकर मुख्य मार्गों पर ही निजी बसें चलती हैं। इससे जहां दूरस्थ छोटे शहर और गांव बस सेवा से वंचित रहते हैं, वहीं रोडवेज को राजस्व की हानि होती है।

**गत कुछ वर्षों से कोचिंग माफिया बहुत तेजी से पनपा है। ऐसा लगता है जैसे नौकरी या शिक्षण संस्थानों में प्रवेश कोचिंग किए बिना सम्भव ही नहीं है। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक कराने और सामूहिक नकल कराने में कोचिंग माफिया की बड़ी भूमिका है।**

अवैध बस संचालकों का कितना दबदबा है, यह इसी से स्पष्ट है कि अधिकांश वीडियो कोच रोडवेज के बस स्टैंड के आसपास से चलते हैं। कई जगह ये मुख्य मार्गों को अवरुद्ध कर देते हैं। ऐसे दृश्य प्रतिदिन पुलिस एवं प्रशासन की नाक के नीचे दिखाई देते हैं, किंतु माफिया यथावत जारी है। इसी प्रकार निजी जीप में प्रतिदिन जयपुर के आसपास के मार्गों पर यात्रियों को ठूंस कर ले जाते हुए देखा जा सकता है। अधिक संख्या में यात्रियों को बिठाने और तीव्र गति से चलने के कारण जयपुर के आसपास के मुख्य मार्गों पर दुर्घटनाएं भी बहुत अधिक हुई हैं। कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। इस प्रकार की यात्रा करने वाले शिक्षक शिक्षिकाएं अधिक होते हैं जिनकी पोस्टिंग 50–100 कि मी की दूरी पर होती है।

शराब माफिया तो सबसे पुराने माफियाओं में से एक है। शराब की दुकानें खोलने के लिए समय निर्धारित है और विद्यालय तथा धार्मिक स्थलों के आसपास इन्हें नहीं खोला जा सकता है। इसके बावजूद शहरों में अनेक स्थानों पर विद्यालयों अथवा धार्मिक स्थलों के पास शराब की दुकानों को देखा जा सकता है। इसी प्रकार शराब की दुकान खुलने का समय नियत है किंतु देर रात तक उन्हें खोलकर वहां से आपूर्ति होते हुए हम प्रतिदिन देखते हैं। शायद आबकारी विभाग को अथवा पुलिस को यह नहीं दिखाई देता। सरकारी विभाग सामान्यतया कार्रवाई करने के लिए पैसे लेते हैं किंतु यहां, कोई कार्यवाही न करने के लिए बड़ी रकम वसूल की जाती है। शराब की दुकानों की नीलामी का सिस्टम बदल गया हो किंतु उससे शराब माफिया के प्रभाव में किसी प्रकार की कमी नहीं आई है। इनके द्वारा राजनीतिक दलों को मोटी रकम उपलब्ध कराई जाती रही है और इसी सहायता के बदले में माफियाओं को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त लगातार होता रहता है। इसके कारण समाज में अराजकता ही क्यों ना फैले, किसी को कोई चिंता नहीं है।

माफियाओं की श्रेणी में अगला नंबर भू–माफिया का है। विभिन्न स्थानों पर राजकीय भूमि पर कब्जा करना इसका प्रमुख कार्य है। जिस भूमि पर कोई मालिकाना हक नहीं जता रहा हो, उस भूमि को अपने गुंडों के माध्यम से कब्जा कर लेना तथा उसे अवैध तरीके से बेच देना माफियाओं का काम रहा है। प्रतिबंधित स्थानों पर भूमि का क्रय–विक्रय करना माफियाओं की गतिविधियों में प्रमुख स्थान रखता है। जिन भूमियों के बारे में नगर परिषदों, नगर विकास न्यास, नगर विकास प्राधिकरणों, नगर निगम तक को पता नहीं होता है, उनकी जानकारी भू माफियाओं के 'कार्यकर्ता' अपने पास रखते हैं और ये लोग राजकीय भूमि को बेच कर करोड़ों रुपए अपने लिए बना लेते हैं। इस अवैध धन राशि में बड़ा हिस्सा नेताओं को भी संरक्षण प्रदान करने हेतु मिलना स्वाभाविक है। भू माफिया का बड़ा काम कृषि भूमि पर अवैध रूप से कॉलोनियां बसाना है। नदी नालों तक की भूमि को इन्होंने नहीं छोड़ा। रामगढ बाँध क्षेत्र में माफियाओं द्वारा अवैध निर्माण कार्यों से रामगढ़ बाँध ही सूख गया और जयपुर को पेय जल के मुख्य स्त्रोत से ही वंचित होना पड़ा।

जिस भूमि को अवाप्त करने की कार्यवाही चल रही हो, उसी को बेच दिया जाता है और एक बार जब कॉलोनी बस जाती है उसके बाद यह माफिया दूर हो जाते हैं। कभी कोई कार्यवाही उनके अतिक्रमण हटाने की होती भी है तो उसका खामियाजा उन गरीब लोगों को भुगतना पड़ता है जिन्होंने इनमें प्लॉट खरीदे हों। अधिकांश कच्ची बस्तियां किसी न किसी राजनीतिज्ञ के संरक्षण में पनपती हैं। एक तरह से ये नेता गण, संरक्षण राशि नियमित रूप से वसूल करते हैं और उनका काम होता है अतिक्रमण को हटाने से बचाना। इससे जहां नगर नियोजन कहीं धरा रह जाता है, वही पूरी प्रक्रिया में माफियाओं के सरगना करोड़ों के वारे–न्यारे कर लेते हैं।

गत कुछ वर्षों से कोचिंग माफिया बहुत तेजी से पनपा है। ऐसा लगता है जैसे नौकरी या शिक्षण संस्थानों में प्रवेश कोचिंग किए बिना सम्भव ही नहीं है। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक कराने और सामूहिक नकल कराने में कोचिंग माफिया की बड़ी भूमिका है। किसी भी मेडिकल, इंजीनियरिंग या लॉ कॉलेज में प्रवेश के लिए बोर्ड परीक्षा के अंकों का कोई महत्व नहीं है। जब भी बारहवीं के अंकों को महत्व देने की बात उठती भी है तो वह कोचिंग माफिया के अत्यधिक दबाव के कारण आगे नहीं बढ़ पाती है। इसके कारण विद्यालय तो एक प्रकार से महत्वहीन हो गए हैं। यह स्थिति बच्चों के सर्वागीण विकास की दृष्टि से कतई अच्छी नहीं है।

उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है कि विभिन्न प्रकार के माफियाओं का प्रभाव निरंतर बढ़ता ही जा रहा है और कानून का राज लगभग समाप्त ही होता जा रहा है। इस स्थिति पर शीघ्र नियंत्रण नहीं किया गया तो सच्चे, ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों को पता नहीं कितनी और कीमत चुकानी पड़ेगी।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# अदालतों में मुकदमों के अंबार को कम करने पर हो मंथन


डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

लाख प्रयासों के बावजूद देश की अदालतों में मुकदमों का अंबार कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। एक मोटे अनुमान के अनुसार देश की अदालतों में सात करोड़ से अधिक मुकदमें लंबित है। इनमें से करीब 87 फीसदी मुकदमे देश की निचली अदालतों में लंबित है तो करीब 12 फीसदी मुकदमें राज्यों के उच्च न्यायालयों में लंबित चल रहे हैं। देश की सर्वोच्च अदालत में एक प्रतिशत मुकदमें लंबित है। पिछले दिनों जयपुर में आयोजित एक समारोह के दौरान न्यायालयीय प्रक्रिया और सर्वोच्च न्यायालय में पैरवी करने वाले वकीलों की फीस को लेकार अच्छी खासी चर्चा हुई जो मीडिया की शुर्खियां भी बनी। वहीं अगस्त में कार्य भार संभालने वाले नए मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति यूयू ललित द्वारा अदालत में सुबह साढ़े नौ बजे सुनवाई आरंभ करने की पहल पर भी वाद–विवाद का दौर जारी है। उधर सरकार ने मानसून सत्र में कुछ बदलावों के साथ मध्यस्थता विधेयक लाने का संकेत दिया है ।

सवाल यह है कि मुकदमों के इस अंबार को कम करने के लिए कोई ऐसी रणनीति बनानी होगी जिससे अदालतों का भार भी कम हो न्यायिक प्रक्रिया लंबी भी ना चले, लोगों को समय पर न्याय भी मिलें। पिछले पांच साल में ही देश में लंबित मुकदमों की संख्या चार करोड़ से बढ़कर आज सात करोड़ हो चुकी है। हांलाकि लोक अदालत के माध्यम से मुकदमों में कमी लाने की सार्थक पहल अवश्य की गई है पर लोक अदालतों में लाखों प्रकरणों के निबटने के बावजूद हालात में ज्यादा बदलाव नहीं आया है।

दरअसल लाखों की संख्या में इस तरह के मुकदमे हैं जिन्हें निपटाने के लिए कोई सर्वमान्य समाधान खोजा जा सकता है। मुकदमों की प्रकृति के अनुसार उन्हें विभाजित किया जाए और फिर समयबद्ध कार्यक्रम बनाकर उन्हें निपटाने की कार्ययोजना बने तो समाधान कुछ हद तक संभव है। यातायात नियमों को तोड़ने वाले मुकदमों की ऑनलाइन निपटान की कोई व्यवस्था हो जाए तो अधिक कारगर हो सकती है। इसी तरह से चैक बाउंस होने के लाखों की संख्या में मुकदमे हैं जिन्हें एक या दो सुनवाई में ही निस्तारित किया जा सकता है। मामूली कहासुनी के मुकदमे जिसमें शांति भंग के प्रकरण शामिल है उन्हें भी तारीख दर तारीख के स्थान पर एक ही तारीख में निपटा दिया जाए तो हल संभव है। इसी तरह से राजनीतिक प्रदर्शनों को लेकर दर्ज होने वाले मुकदमों के निस्तारण की भी कोई कार्ययोजना बन जाए तो उचित हो।


देश में सबसे ज्यादा मुकदमे रेवेन्यू से जुड़े हुए हैं । गांवों में जमीन के बंटवारे या सीमा निर्धारण को लेकर देश की निचली अदालतों में अंबार लगा हुआ है। इस तरह के मुकदमों के निपटारें में ग्राम पंचायत की कहीं कोई भूमिका तय हो तो शायद कोई स्थाई समाधान संभव हो सकता है। पंच परमेश्वर की अवधारणा कहीं इस तरह के मुकदमों के निपटारें में अधिक सहायक हो सकती है। स्थानीय स्तर पर समझाईस से इस तरह के मुकदमों पर शीघ्र निर्णय की एक संभावना बनती है। हो यह रहा है कि रेवेन्यू के मुकदमें अपील दर अपील पीढ़ी दर पीढ़ी चलते रहते हैं और मामूली सा सीमा विवाद लंबी कानूनी प्रक्रिया में उलझ कर रह जाता है। मीडिया ट्रॉयल पर भी अंकुश की आवश्यकता है क्योंकि इससे कुछ हद तक निर्णय प्रभावित होने की संभावना बनती है।

हांलाकि इसमें कोई दो राय नहीं कि हमारे देश की अदालतों में ब्रिटेन आदि की अदालतों से कई गुणा अधिक मुकदमों की सुनवाई एक दिन में होती है। केन्द्रीय कानून मंत्री किरेन रिजूजू की माने तो इंग्लैण्ड में एक न्यायाधीश एक दिन में तीन से चार मामलों में निर्णय देते हैं जबकि हमारे देश में प्रत्येक न्यायाधीश औसतन प्रतिदिन 40 से 50 मामलों में सुनवाई करते हैं। यह इस ओर भी इंगित करता है कि हमारे देश में न्यायाधीशों के पास कार्यभार अधिक है।

पिछले कुछ समय से जिस तरह से पीएलआई को लेकर माननीय न्यायमूर्तियों द्वारा प्रतिक्रिया व्यक्त की जा रही है और जुर्माना भी लगाया जा रहा है इसके भी सकारात्मक परिणाम प्राप्त होने लगे है। इसी तरह से कोर्ट में केस दायर होने पर गवाह या याचिकाकर्ता के होस्टाइल होने को भी जिस तरह से अदालतों द्वारा गंभीरता से लिया जाने लगा है उसके भी परिणाम आने वाले समय में और ज्यादा सकारात्मक होंगे। न्यायालयों की मध्यस्थता के लिए भेजे जाने वाले मामलों में वादी–प्रतिवादी द्वारा गंभीरता नहीं दिखाने से भी हालात अधिक सुधरे नहीं है। दरअसल मध्यस्थता से होने वाले निर्णय की पालना को लेकर अभी भी लोग संदेह में ही रहते हैं कि पालना होगी भी या नहीं। या फिर पालना के लिए वापिस अदालतों के चक्कर लगाने होंगे। हांलाकि केन्द्र सरकार अब मध्यस्थता कानून में इसी मानसून सत्र में आवश्यक संसोधित प्रावधानों के साथ पारित कराने के लिए गंभीर लगती है।देखा जाए तो अदालतों की सामान्य प्रक्रिया पर लोगों का विश्वास है। चारों तरफ से निराश और हताश व्यक्ति न्याय के लिए न्याय का दरवाजा खटखटाता है। ऐसे में गैरसरकारी संगठनों की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती है कि वे लोगों में अवेयरनेस लाएं और अदालत से बाहर निपटने वाले मामलों को बाहर ही निपटा लें। इसके लिए पूर्व न्यायाधीशों, पूर्व प्रशासनिक अधिकारियों, वरिष्ठ वकीलों व गैरसरकारी संगठनों या सामाजिक कार्यकर्ताओं की टीम बनाई जा सकती है जो इस तरह के मामलों को समझाईश से सुलझा सके। जिससे न्यायालयों का समय भी बचे और वादी प्रतिवादी का धन और समय बचने के साथ ही सौहार्द भी बना रह सके।

**–डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा,**
**( वरिष्ठ लेखक )**

# निर्मम निरोध


डॉ. श्रीगोपाल काबरा

- **नियमित निरोध युक्त समागम करने वाली महिलाओं में प्री-एक्लेम्पसिया अधिक होता है**

पति–पत्नि दोनों उच्च शिक्षा प्राप्त। दोनों मध्यवर्गीय सामान्य लेकिन संभ्रात परिवारों से। दोनों को कैम्पस सलेक्शन से ही अच्छी नौकरी मिल गई। अच्छा पे पेकेज। दोनों महत्वाकांक्षी, केरियर कॉंशस। प्रतिस्पर्धा के लिए जागरूक, जुझारू। पति–पत्नि के बीच अच्छा तालमेल, अच्छी समझ और अच्छे सम्बंध। परिवार नियोजन के प्रति सावचेत। बच्चा तभी जब चाहें। पिछले पांच साल से निरोध का नियमित, बेनागा प्रयोग। महिला तीस वर्ष की हुई तो सोचा, अब 'चांस' लिया जाय।

महिला गर्भवती हुई। शहर की नामी स्त्री रोग विशेषज्ञ को दिखाया। परीक्षण हुए, सब सामान्य। प्रसव पूर्व नियमित चैक अप। सात महिने तक सब सामान्य चला। महिला और विशेषज्ञ दोनों आश्वस्त। महिला ने इन्टरनेट पर और किताबें खरीद कर गर्भ और प्रसव के बारे में काफी कुछ पढ़ लिया था। आवश्यक प्रबन्ध भी कर लिए थे। आशा, आशंका भरे दिन। तभी महिला को सिर दर्द रहने लगा। पेट के ऊपरी भाग में तेज दर्द भी। दिखाया। रक्तचाप बढ़ा हुआ था। मूत्र परीक्षण पर प्रोटीन्यूरिया पाया गया। टखने, पानी जमा होने से फूल गये थे। डॉक्टर ने बताया, उसे प्री–एक्लेम्पसिया हो गया है। सब तो सामान्य चल रहा था, यह हठात क्या हो गया? क्यों हो गया? वह तो सर्वथा डॉक्टर के निर्देशों के अनुरूप ही चल रही थी, फिर यह क्यों हो गया?

डॉक्टर ने बताया, यह 10 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं में हो जाता है बढ़े हुए रक्तचाप पर नियंत्रण से आशा है सब सामान्य हो जायगा। जब महिला ने जानना चाहा कि यह क्यों हो जाता है तो डॉक्टर ने बताया कि जिन महिलाओं का प्रतिरक्षा संस्थान गर्भस्थ शिशु के पितृ (पिता से आये) जीन्स के प्रति सर्वथा संवेदनशील नहीं हो पाता, उनमें ऐसा होता है। मां का रक्षा संस्थान शिशु के पितृ जीन्स के प्रति असंवेदनशील प्रतिक्रिया व्यक्त करता है। महिला ने जब यह जानना चाहा कि इससे क्या खतरे हो सकते हैं तो विशेषज्ञ ने सावचेत करने और समझाने के लिए बताया कि इससे शिशु के विकास में बाधा पड सकती है, शिशु का मस्तिष्क विकास प्रभावित हो सकता है, समय पूर्व प्रसव (प्रीमेच्योर बर्थ) होने की संभावना रहती है। साथ ही यह भी बताया कि शिशु के विषम जीन तत्वों की प्रतिक्रिया में माँ की रक्तवाहिनियां क्षतिग्रस्त होने की संभावना होती है, जिससे मां के गुर्दे और लिवर क्षतिग्रस्त होते हैं। उन्होने यह भी बताया कि अधिकांश महिलाओं में प्री–एक्लेम्पसिया के रक्तचाप पर काबू कर सफल प्रसव संभव होता है। लेकिन कुछ में माँ का रक्षा संस्थान बेकाबू और उग्र हो जाता है। लिवर की गंभीर क्षति से घातक स्थिति बन जाती है या प्री–एक्लेम्पसिया पूर्ण–एक्लेम्पसिया का रूप ले लेता है, जिसमें घातक ताण आते हैं और इन सब का प्रमुख कारण होता है मां का असहिष्णु रक्षा संस्थान। ऐसे में पहले प्रसव करा कर गर्भ समापन करना होता है।

माँ का रक्षा संस्थान? शिशु का रक्षा संस्थान? शिशु में पितृ जीन्स? पितृ जीन्स के प्रति माता की प्रतिक्रिया? रक्षा संस्थान की संवेदशीलता, असंवेदनशीलता और उग्र प्रक्रिया? महिला को कुछ समझ में नहीं आया। माँ और गर्भस्थ शिशु के बीच यह कैसा संघर्ष? महिला चिन्तातुर हो गई। मन शंका से भर गया। विश्वास डोल गया। नियमित रूप से दिखा रही थी। टेस्ट करवाये, तीन बार सोनोग्राफी कराई। फिर क्यों? क्या यह सब पैसे के लालच में दिखावा मात्र था? ठीक से देखा नहीं? इतनी वरिष्ठ डॉक्टर हैं अगर ठीक से देखा होता तो क्या पता नहीं लगता? कहीं अपनी गलती छुपाने के लिए तो यह न समझ में आने वाली गूढ बातें नहीं कर रही? निश्चय किया, वह इस बारे में पूरी जानकारी लेगी, इसकी तह तक जायेगी।

**घर आकर प्री-एक्लेम्पसिया के बारे में विस्तार से पढ़ा।**

शारीरिक स्वायत्तता (ऑटोनोमी) की रक्षा करना, अपना अस्तित्व बनाये रखने के लिए आवश्यक है। इसकी सुरक्षा के लिए स्वतः विकसित रक्षा संस्थान जीन (आनुवांशिक गुण सूत्र) आधारित होता है। यह रक्षा संस्थान स्वायत्तता के लिए शरीर की जीन संरचना को पहचानता है, उसे आत्मसात करता है। शरीर का रक्षा संस्थान इसे पहचानता है और इसकी रक्षा करने को प्रतिबद्ध, अपना प्रतिरक्षा संस्थान विकसित करता है। स्वयं की जीन संरचना से इतर अन्य कोई भी जीन संरचना के तत्व को प्रतिरक्षा संस्थान शरीर में प्रवेश नहीं करने देता। और अगर किसी तरह प्रवेश कर भी जाए तो उन्हें नष्ट कर बाहर फेंक देता है। इस प्रतिरक्षा प्रक्रिया को इम्यूनिटी कहते हैं।

अगर किसी के शरीर में उसके जीन से इतर जीन का प्रवेश करवाना हो तो पहले उसके प्रतिरक्षा संस्थान को मनाना होता है, उसका शमन करना होता है, उसे प्रभावित कर अपने पक्ष में करना होता है। यह प्रकृति का शाश्वत नियम है। भ्रूण के आधे गुणसूत्र पिता से आते हैं। ये विषम गुणसूत्र माता के रक्षा संस्थान को सहज स्वीकार नहीं होते। आवश्यक है कि भ्रूण के आगमन से पहले माता के रक्षा संस्थान को इनके प्रति जागरूक, संवेदनशील और अनुकूल बनाया जाय।

अनुसंधान से उजागर हुआ है कि वीर्य में 93 ऐसे तत्व चिह्नित हुए हैं जो माँ के रक्षा संस्थान को पितृ जीन्स के प्रति संवेदनशील बनाते हैं। योनि से अवशोषित हो कर ये तत्व इम्यून मोड्यूलेशन का कार्य करते हैं। एक ही पुरुष से दीर्घ कालिक समागम करने वाली महिलाओं में प्री–एक्लेम्पसिया बहुत कम होता है। यह भी पाया गया कि नियमित निरोध (कंडोम) युक्त समागम करने वाली महिलाओं में यह अधिक होता है। अनुसंधान से पाया गया है कि बच्चे के विषम जीन्स के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने में बिना कंडोम के सामान्य समागम की महत्वपूर्ण भूमिका है। जैविक प्रयोग पर इसकी पुष्टि हुई है। जिन महिलाओं में बार–बार स्वतः गर्भपात या प्री–एक्लेम्पसिया होता है उन्हे 'टी जी एफ–बीटा' नामक वीर्य में चिह्नित इम्यून मोड्यूलेटर फेक्टर देने से लाभ होता है। जिन पुरुषों के वीर्य में इस फेक्टर की कमी होती है, उनसे गर्भ धारण करने वाली महिलाओं में गर्भ क्षरण व प्री–एक्लेम्पसिया अधिक होता है।

पढ़ने पर सब शंकायें निर्मूल निकलीं। वह व्यर्थ ही डॉक्टर पर शक कर रही थी। जान कर आश्चर्य हुआ कि निरोध के नियमित प्रयोग से ऐसा हो सकता है। प्रकृति के नियमों के विरुद्ध कुछ भी करने की कीमत चुकानी होती है। आधुनिक जीवन की प्रवृतियों और प्रकृति के बीच समन्वय आज की चुनौति है। प्रकृति के गूढ़ रहस्यों को जाने बिना ऐसा समन्वय बिठाना संभव नहीं।

स्त्रीत्व की चरमावस्था, चरमोत्कर्ष मातृत्व आधारित प्रजनन होता है। यह प्रकृति नियत है; सनातन, सार्वभौम, शाश्वत। मातृत्व में ही स्त्री की मुक्ति है। और बिना स्व को त्यागे मुक्ति नहीं मिलती। प्रकृति नियत मातृत्व में मुक्ति और समाज नियत मातृत्व से मुक्ति के बीच समन्वय ही आज की स्त्री का जीवन संकट है, त्रासदी भी।

**–डॉ. श्रीगोपाल काबरा,**
**वरिष्ठ चिकित्सक, जयपुर**

# स्कूल के पोषाहार भंडारण में बड़ी मात्रा में मिले इल्ली और कीड़े


**जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक मनोज कुमार ढाका ने पोषाहार में कीड़े मिलने पर संस्था प्रदान को लताड लगाई**

- **प्राथमिक विद्यालय लांबी जोहड़ी में अव्यवस्थाओं का आलम देख दंग रह गए डीईओ**
- **लापरवाही पर जांच शुरू, पोषाहार प्रभारी शिक्षिका का एक दिन का वेतन काटा**
- **कैशबुक पर भी मार्च के बाद से विद्यालय विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष के हस्ताक्षर नहीं मिले**

**झुंझुनूं,** (निसं)। नवलगढ़ ब्लॉक के गांव बुगाला के राजकीय प्राथमिक विद्यालय लांबी जोहड़ी में मंगलवार को जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक मनोज कुमार ढाका के पोषाहार निरीक्षण के दौरान भंडारण देखा तो दंग रह गए। चावलों में बड़ी मात्रा में मिली इल्लियां और कीड़ों को देख डीईओ मनोज कुमार ढाका ने झल्लाते हुए संस्था प्रधान और पोषाहार प्रभारी को जमकर लताड़ लगाई। यहां तक की कैशबुक पर भी मार्च के बाद से विद्यालय विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष के हस्ताक्षर नहीं मिले।


जिस पर डीईओ ने एक्शन लेते हुए प्रधानाध्यापक चंदगीराम और पोषाहार प्रभारी शिक्षिका के एक दिन के वेतन कटौती के साथ कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी किए। डीईओ मनोज कुमार ढाका ने बताया कि मिड–डे–मील आयुक्त, प्रारंभिक शिक्षा निदेशक बीकानेर और जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार लांबी जोहड़ी स्कूल स्कूल का औचक निरीक्षण किया। जिसमें शाला दर्पण पोर्टल रिकॉर्ड, बंद पड़े एबीएल कीट को खोलने, गरिमा पेटी लगाने की भी नसीहत दी। इधर इस मामले की जांच हेतु डीईओ ने बुगाला पीईईओ को सात दिवस के भीतर रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए हैं।

**पोषाहार में साफ–सफाई के निर्देश दिए:** –इसके अलावा जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक मनोज कुमार ढाका ने बुगाला के सिरस जोहड़ के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय का भी औचक निरीक्षण किया। जिसमें पंचायत समिति सदस्य ओमप्रकाश बुगालिया समेत अन्य ग्रामीणों से वार्ता कर नामांकन बढ़ाने के रूप में प्रेरित किया। तथा स्टाफ को पोषाहार संबंधी साफ–सफाई के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। और बीएड प्रशिक्षणार्थियों से अध्यापन कार्य करवाने की बजाए उन्हें सीखाने की बात कहीं। डीईओ ढाका ने बताया कि पोषाहार संबंधी लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक उम्मेदसिंह महला भी साथ में मौजूद रहे।

मामले में झुंझुनूं डीईओ एलिमेंट्री मनोज कुमार ढाका ने बताया कि लांबी जोहड़ी स्कूल में निरीक्षण के दौरान पोषाहार संबंधी लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। पोषाहार में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

वहीं झुंझुनूं एडीईओ एलिमेंट्री उम्मेदसिंह महला ने कहा कि सभी स्कूल स्टाफ पोषाहार की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। अन्यथा संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## राशिफल


पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 27 जुलाई, 2022**

सावन मास, कृष्ण पक्ष, चतुरदशी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2079, पुनर्वसु नक्षत्र गुरूवार प्रातः 7:05 तक, हर्षण योग सांय 5:06 तक, विष्टि करण प्रातः 8:00 तक, चन्द्रमा रात्रि 12:22 से कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–कर्क, चन्द्रमा–मिथुन, मंगल–मेष, बुध–कर्क, गुरू–मीन, शुक्र–मिथुन, शनि–मकर, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

आज भद्रा प्रातः 8:00 तक है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** लाभ–अमृत सूर्योदय से 9:13 तक, शुभ 10:53 से 12:33 तक, चर 3:54 से 5:34 तक, लाभ 5:34 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 5:52, सूर्यास्त 7:14

**मेष**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/रिश्तेदारों से आवश्यक सहयोग मिलेगा। धार्मिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**कर्क**
व्यक्तिगत परेशानियों कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अनावश्यक धन खर्च होगा। धन हानि का भय बना रहेगा। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**सिंह**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बना रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। आय के नवीन स्त्रोत सामने आयेंगे। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त–व्यस्त हो सकती है।

**वृश्चिक**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों में व्यवधान हो सकता है। शुभ कार्यों को टालना पड़ सकता है। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**धनु**
परिवार में प्रसन्नता–हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित परेशानियां दूर होने लगेगी। व्यावसायिक विवादों का निपटारा हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त हो सकते हैं। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
व्यावसायिक प्रयासों में सार्थक/उचित सफलता मिलेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। धन प्राप्त हो सकता है।

**मीन**
घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर

Rashtradoot

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 वर्षः 29 संख्याः 264 प्रभात उदयपुर, बुधवार 27 जुलाई, 2022 आर.जे. 7202 पृष्ठ 8 मूल्य 1.20 रु.



*वनसिला, जिसे लिटिल स्पॉटेड कैट या लिटिल टाइगर कैट भी कहते हैं, दक्षिण अमेरिका में मिलने वाली जंगली बिल्लियों में सबसे छोटी बिल्ली है। मोटे व नर्म फर वाली यह बिल्ली भूरे या गहरे गेरुए रंग की होती है। एकान्तवासी रात्रिचर वनसिला पेड़ पर चढ़ने में माहिर होती हैं और घने जंगल में रहना पसंद करती हैं। छिपकली, पक्षी और चूहे इनका प्रिय भोजन हैं। ये शिकार को दूर से ही देख लेती हैं और पीछा करती हैं तथा रेंज में आते ही झपट लेती हैं। वैज्ञानिकों ने अभी तक इकोसिस्टम में वनसिला की भूमिका का अध्ययन नहीं किया है, पर, ऐसा माना जाता है कि चूहों की आबादी को नियंत्रित करने में इनकी अहम् भूमिका है। इस प्रजाति के प्रजननकाल के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, बस इतना पता है कि 74-76 दिन की गर्भावस्था के बाद मादा 1 से 3 बच्चों को जन्म देती है। ये बिल्लियाँ मूलतः दक्षिण अमेरिका और मध्य ब्राज़ील के उष्ण कटिबंधीय वनों में मिलती हैं। हल्के पीले से गहरे भूरे रंग की इन बिल्लियों के शरीर पर फूल के गुच्छे जैसे निशान होते हैं इसलिए इन्हें लिटिल स्पॉटेड कैट कहते हैं। यह तो पता नहीं है कि इनकी खोज कब हुई थी पर वर्ष 2013 में कुछ वैज्ञानिकों ने दलील दी थी कि वॅनसिला के दो पृथक समूह हैं। तीखे दांत वाली इन बिल्लियों की सुनने की क्षमता बहुत तेज होती है जिससे शिकार करना इनके लिए आसान हो जाता है। आई.यू.सी.एन. की रैडलिस्ट में इनकी आबादी ''वल्नरेबल वर्ग'' में है। प्राकृतिक आवास के विनाश और शिकार से इन्हें भारी खतरा है। इनकी आबादी तेजी से कम हो रही है और आई.यू.सी.एन. के अनुसार विश्व में इनकी आबादी 8,932 से 10,208 के बीच है। ये बिल्लियां उष्ण कटिबंधीय वनों के साथ-साथ वर्षा वनों में भी फलती-फूलती हैं। कोस्टारीका में ये समुद्र स्तर से 1500-3000 मीटर ऊपर मिलती हैं। जंगल में ये 10-14 साल जीती हैं और सही माहौल मिले तो 16 से 20 साल भी जी सकती हैं। लेकिन कैप्टिविटी में वनसिला शावकों की मृत्यु दर काफी अधिक है।*

# मंगलवार संसद के अंदर व बाहर विपक्ष के लिये भारी ''एक्शन'' का दिन रहा

## सोनिया गांधी से छः घंटे पूछताछ की ई.डी. नेः राहुल गांधी को हिरासत में लेकर किंग्स-वे-कैम्प पुलिस लाइन्स में रखा गया, जब वे अपनी मां से की जा रही पूछताछ के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 26 जुलाई। आज का दिन विपक्ष के लिए संसद के अंदर और बाहर, ''एक्शन'' का दिन था।

प्रवर्तन निदेशालय ने सोनिया गांधी से 6 घंटे तक पूछताछ की, राहुल गांधी अपनी माँ से की जा रही पूछताछ का विरोध करने पर, गिरफ्तार कर लिये गये तथा किंग्स वे कैम्प पुलिस लाइन्स की हवालात में रखे गये, लगभग सभी कांग्रेस सांसद तथा नेता गिरफ्तार कर लिये गये तथा वहां से ले जान के बाद, आज देर शाम तक छोड़े नहीं गये, किन्तु राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, जो लो ब्लड प्रैशर से पीड़ित थे, न तो विरोध प्रदर्शन में शामिल हो सके और न उनकी गिरफ्तारी ही हुई क्योंकि उन्होंने ब्लड प्रैशर को बढ़ाने के लिये दवा ले ली थी।

वे ए.आई.सी.सी. मुख्यालय में मुकूल वासनिक के कक्ष में दो घंटे लेटे रहे। उन्हें आज अपरान्ह 4 बजे तक जयपुर लौटना था, लेकिन उन्होंने अपनी जयपुर यात्रा रद्द कर दी, क्योंकि सोनिया

- **अशोक गहलोत इस ''एक्शन'' से भरपूर ड्रामा में भाग नहीं ले सके, क्योंकि ''लो-ब्लड'' प्रेशर की शिकायत के कारण ए.आई.सी.सी. में मुकुल वासनिक के कमरे में उन्हें लेटे रहना पड़ा।**
- **पर, सचिन पायलट इस धरने-प्रदर्शन में अग्रणी भूमिका में रहे तथा उन्होंने गिरफ्तारी दी तथा हिरासत में बंद रहे।**
- **ये धरना प्रदर्शन कल भी दोहराये जायेंगे, क्योंकि कल फिर सोनिया गांधी को पूछताछ के लिये बुलाया है।**
- **संसद में 19 राज्यसभा सदस्य निलंबित किये गये, सत्र की समाप्ति तक की अवधि के लिये। ये सांसद अधिकतर तृणमूल पार्टी व अन्य विपक्षी दलों के सदस्य हैं। कांग्रेस पार्टी के सांसद बाहर धरना प्रदर्शन में व्यस्त रहे।**

गांधी ई.डी. द्वारा की जा रही पूछताछ से मुक्त होकर तब तक लौटी नहीं थीं।

सोनिया को कल होने वाली पूछताछ के लिये सम्मन और दिया गया है। लेकिन सचिन पायलट इस विरोध-प्रदर्शन में सबसे आगे की पंक्ति में थे, वे गिरफ्तार हुए हिरासत में रखे गये।

इसी प्रकार के विरोध-प्रदर्शन, धरने तथा गिरफ्तारियाँ कल भी होने की संभावना है क्योंकि कल वे फिर से पूछताछ के लिए ई.डी. ऑफिस जायेंगी।

संसद में, 19 राज्यसभा सांसद इस सप्ताह के अंत तक के लिये निलंबित कर दिये गये क्योंकि वे सदन में विरोध-प्रदर्शन कर रहे थे तथा महँगाई एवं जी.एस.टी. पर बहस कराने की माँग कर रहे थे।

आज कांग्रेस सांसद सदन में नहीं थे क्योंकि वे सोनिया गांधी की पूछताछ का विरोध करने में लगे हुये थे। कल लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने 4 कांग्रेस सांसदों को संसद के मानसून सत्र की शेष अवधि के लिये निलम्बित कर दिया था।

राहुल गांधी भी एक असाधारण उदाहरण के अन्तर्गत आज उस समय गिरफ्तार कर लिये गये, जब वे सड़क पर धरने पर बैठ गये थे क्योंकि पुलिस ने उन्हें आगे जाने तथा विरोध-प्रदर्शन रखने की अनुमति नहीं दी थीं।

पुलिस ने सोनिया गांधी के निवास से लेकर प्रवर्तन निदेशालय कार्यालय तक के सारे क्षेत्र को सील कर दिया था।

राजधानी में मंगलवार का सूरज जैसे-जैसे चढ़ता गया, सरकार के खिलाफ चल रहा ड्रामा तथा विपक्ष का

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या में फिर वृद्धि

## राज्य में मंगलवार को 232 नए संक्रमित मिले, इससे पहले सोमवार को 187 रोगी पाए गए थे

**-कार्यालय संवाददाता-**

जयपुर, 26 जुलाई। प्रदेश में मंगलवार को नए करोना संक्रमितों की संख्या में फिर वृद्धि हुई है। इस दौरान राज्य में 232 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं इस बीच केवल 147 मरीज ही ठीक होने से एक्टिव केस बढ़कर सत्रह सौ के पार हो गए हैं। उधर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने करोना के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई है।

- **जोधपुर में सबसे ज्यादा 44 जबकि जयपुर में 42 नए संक्रमित मिले हैं।**
- **प्रदेश में एक्टिव केस बढ़कर सत्रह सौ के पार हो गए हैं।**

प्रदेश में मंगलवार को 21 जिलों में 232 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले सोमवार को 187 रोगी पाए गए थे। इधर आज सबसे ज्यादा 44 नए संक्रमित जोधपुर जिले में मिले हैं। वहीं 42 मरीज जयपुर में पाए गए हैं। इसके अलावा बीकानेर में 20, जैसलमेर में 19, अलवर व जालोर में 15-15, भीलवाड़ा व चित्तौड़गढ़ में 12-12, दौसा में 8, उदयपुर में 7, राजसमंद में 6, नागौर व प्रतापगढ़ में 5-5, अजमेर, बाड़मेर व सीकर में 4-4, डूंगरपुर में 3, बारां, चूरू व टोंक में 2-2 और सवाई माधोपुर में 1 नया संक्रमित मिला है। वहीं 12 जिलों बांसवाड़ा, भरतपुर, बूंदी, धौलपुर, गंगानगर, हनुमानगढ़, झालावाड़, झुंझुनूं, करौली, कोटा, पाली और सिरोही में कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला है।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में 11 जिलों में केवल 147 मरीज ही ठीक हुए हैं। रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर 1717 हो गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 390 मामले जयपुर जिले में हैं। इसके अलावा जोधपुर में 322, बीकानेर में 121 और अजमेर में 100 लोगों का इलाज चल रहा है। प्रदेश में मंगलवार को भी किसी संक्रमित की मौत नहीं हुई है। राज्य में अब तक इस बीमारी से 9577 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

जयपुर में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भी सबसे ज्यादा 10 नए संक्रमित सांगानेर इलाके में मिले हैं। इसके अलावा दुर्गापुरा में 6, सांभर लेक में 4, मालवीय नगर व वैशाली नगर में 3-3, बस्सी, जगतपुरा व सोड़ाला में 2-2 तथा बनीपार्क, गांधी नगर, जवाहर नगर, झोटवाड़ा, एमआई रोड, मानसरोवर, राजापार्क, रामगंज और सिरसी में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं 1 मरीजों का पता गलत मिलने पर उसे ट्रेस किया जा रहा है। जिले में पिछले चौबीस घंटों में केवल 20 ही मरीज रिकवर हुए हैं।

इधर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया पर कहा कि मानसून में संक्रामक रोगों में वृद्धि होती है। देशभर में कोविड संक्रमण के बढ़ते मामले भी इसका नतीजा है। करीब 6 महीने बाद कोविड की दैनिक संक्रमण दर 7 फीसदी के पार हो गई है। ऐसे में सभी को सावधान रहना है। उन्होंने लोगों से कोविड वैक्सीन की दोनों डोज तथा आवश्यकतानुसार प्रिकॉशन डोज लगवाने की अपील की।

## राजघाट पर सत्याग्रह

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 26 जुलाई। कांग्रेस ने महात्मा गांधी की समाधि राजघाट पर सत्याग्रह करने से केन्द्र के इन्कार का मंगलवार को विरोध किया। पार्टी नैशनल हैरल्ड केस में कथित फर्जी मनी लॉड्रिंग को लेकर अपनी अध्यक्ष सोनिया गांधी से इन्फोर्समैंट डायरैक्टोरेट (ई.डी.) की दूसरी पूछताछ के विरोध में राष्ट्रव्यापी विरोध

- **कांग्रेस को सरकार ने महात्मा गांधी की समाधि राजघाट पर सत्याग्रह की अनुमति नहीं दी तो कांग्रेस ने सड़कों पर धरना-प्रदर्शन किया।**

प्रदर्शन के तहत राजघाट पर सत्याग्रह करना चाहती थी।

कांग्रेस महासचिव अजय माकन ने कहा कि यह वही राजघाट है जहां वर्तमान केन्द्रीय मंत्रियों सहित भाजपा नेताओं ने यू.पी.ए. सरकार के दौरान 5 जून 2011 को बाबा रामदेव के समर्थन में रात भर दिए गए एक धरने के बाद नृत्य किया था। वहां सत्याग्रह से इन्कार करना लोकतंत्र की हत्या है न्योंकि इससे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# आई.एम.एफ. का आकलन है, विश्व जी.डी.पी. में भारी गिरावट आयेगी

## चीन व रूस में सबसे ज्यादा जी.डी.पी. में गिरावट आयेगीः भारत इस गिरावट से लगभग अछूता सा रहेगा

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 26 जुलाई। इन्टरनैशनल मॉनेटरी फंड (आई.एम.एफ.) ने कुछ देशों में फिर से कोविड संक्रमण फैलने और महंगाई तथा मुद्रा अवमूल्यन के बढ़ते दबाव को देखते हुए ग्लोबल इकॉनॉमिक ग्रोथ संभावनाओं में कटौती कर दी है।

नए अनुमान के अनुसार वर्ष 2022 में वास्तविक जी.डी.पी. ग्रोथ रेट घटकर 3.2 प्रतिशत रह जाएगी इसी वर्ष में अप्रैल में यह 3.6 प्रतिशत थी। सबसे बुरी तरह चीन और रूस प्रभावित हुए हैं जिनकी आर्थिक ग्रोथ में काफी गिरावट दिखी है।

देशों के लिए चिंताजनक कारक, जिनका पूरी दुनिया पर प्रभाव पड़ रहा है, उनमें प्रमुख हैं, चीन का प्रॉपर्टी मार्केट और क्रेडिट संकट और रूस द्वारा तेल व गैस के आयात में भारी कटौती। दोनों देशों की जी.डी.पी. में भारी गिरावट आने की आशंका है।

- **चीन में प्रॉपर्टी में ''मॉर्गेज'' की किश्त जमा नहीं होने से भारी आर्थिक संकट की आशंका। चीन में जी.डी.पी. में गिरावट का दूसरा बड़ा कारण है, चीन की इकॉनमी का ''निर्यात'' पर निर्भर व आश्रित होना। कोविड व यूक्रेन के युद्ध के कारण विदेशों से व्यापार बहुत प्रभावित हुआ है और निर्यात एक दम लुढ़क गया है।**
- **रूस पर, अमेरिका व यूरोपीय देशों द्वारा लगाये गये आर्थिक प्रतिबंध असर दिखाने लगे हैं। साथ ही रूस का प्रमुख निर्यात, गैस व ऑयल भी कम बिक रहा है। कुछ समय तो काम चल गया, क्योंकि गैस व ऑयल के दामों में भारी वृद्धि हुई थी। पर, अब मुश्किलें बढ़ेंगी।**
- **भारत की इकॉनमी में निर्यात की निर्णायक भूमिका नहीं है। एक तरह से भारत विश्व की आर्थिक उथल-पुथल से ज्यादा प्रभावित नहीं, क्योंकि खुद भारत की आंतरिक खपत काफी है, इकॉनमी का चक्का चलाने के लिये।**

भारत का जी.डी.पी. पूर्वानुमान 2023 में घट कर 7.4 प्रतिशत हो जाएगा, जो कि इस वर्ष अप्रैल में 8.6

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 6 घंटे पूछताछ

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 26 जुलाई। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष, 75 वर्षीय सोनिया गांधी आज नैशनल हैरल्ड से जुड़े मनी लॉन्डरिंग केस के सिलसिले में पूछताछ के दूसरे दौर के लिये एन्फोर्समेंट डॉयरेक्ट्रेट (ई.डी.) के समक्ष उपस्थित हुई। उनसे छः घंटे तक पूछताछ हुई तथा आगे की पूछताछ के लिये, उन्हें कल फिर बुलाया गया है।

सोनिया गांधी प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्डरिंग एक्ट (पी.एम.एल.ए.) के प्रावधानों के तहत, इस केस में अपने-अपने बयानों की रिकॉर्डिंग के लिये, पूर्वान्ह 11 बजे के आसपास ई.डी.

- **ई.डी. ने मंगलवार को भी सोनिया गांधी से 6 घंटे तक पूछताछ की और बुधवार को फिर बुलाया है।**

ऑफिस पहुँच गई थीं। उनके साथ ज़ैड प्लस के सशस्त्र सुरक्षाकर्मी के अलावा, उनके बच्चे राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी वाड्रा भी गये थे।

वे अपरान्ह 2 बजे के आसपास सैन्ट्रल दिल्ली स्थित एजेंसी के ऑफिस लंच के लिये चली गई थी तथा उन्हें 3.30 बजे पुनः वापस आना पड़ा।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री तथा राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा, ''यह केस (हैरल्ड मनी लॉन्डरिंग) विपक्ष का मनोबल तोड़ने के लिये बनाया गया है। आप किन्हीं लोगों को इसीलिये तो भ्रष्ट नहीं कह सकते, क्योंकि वे आपको नापसंद हैं।''

# 'ब्रिटेन-चीन संबंधों के साथ खिलवाड़ न करें'

## ब्रिटेन के प्र.मंत्री के चुनाव के उम्मीदवारों, ऋषि सुनक व लिज ट्रस को चीन ने चेतावनी दी

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 26 जुलाई। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार 10 डाउनिंग स्ट्रीट के लिए दौड़ में तेजी आने के साथ ही ''चाइना थ्रेट'' का कार्ड खेलने लगे हैं, जिस पर चीन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी।

- **चीन का भय दिखाना व उसके साथ-साथ सख्ती बरतने का वादा, ब्रिटेन के राजनीतिज्ञों को सस्ती लोकप्रियता दिलाकर चुनाव में लाभ पहुंचा सकता है, पर यह आसान व अव्यवहारिक सोच है।**
- **ब्रिटेन की फाइनैंशियल हालत काफी खस्ता है और चीन से व्यापारिक संबंध करने से ब्रिटेन की इकॉनमी को और धक्का लगेगा, जो ब्रिटेन बर्दाश्त नहीं कर पायेगा।**
- **यूरोपियन यूनियन की सदस्यता छोड़ने के बाद, अब चीन ही इंगलैण्ड का बड़ा व्यापारिक पार्टनर है। सुनक की छवि चीन के प्रति ज्यादा कट्टर होने की नहीं है, जितनी लिज ट्रस की है, अतः सुनक जनता में अपनी छवि निखारने के लिये, चीन के प्रति अति कठोर भाषणबाजी कर रहे हैं। उन्होंने चीन के कन्फ्यूशियस इंस्टीट्यूट की ब्रिटेन में चल रही 30 शाखाओं को बंद करने का वादा किया है, क्योंकि, ''चीन इनके मार्फत अपने ''सॉफ्ट पावर'' में इजाफा करने की योजना रखता है।**

चीन के विश्लेषकों ने कहा है कि जब ब्रिटेन की जनता आंतरिक परेशानियों से दुःखी है तब चीन के भय को प्रोत्साहित करना और लोगों को यह विश्वास दिलाना कि यू.के. को चीन पर दोषारोपण करना चाहिए और उससे डरना चाहिए, बिल्कुल बेवकूफी है किन्तु यह एक आसान रास्ता है। वे ध्यान दिलाते हैं कि इस विकट स्थिति में यू.के. के राजनेताओं की टिप्पणियां उनके प्रचार अभियान को उपयुक्त बनाती हैं। चीन को इसे ज्यादा गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है, किन्तु 10 डाउनिंग स्ट्रीट में आने के बाद वे क्या करते हैं, यह देखना अधिक महत्वपूर्ण है।

विशेषज्ञों ने कहा कि वहां के राजनेता अच्छी तरह से जानते हैं कि चीन के साथ संबंध सुधारने से उन्हें अपना आर्थिक दबाब हल्का करने में कुछ हद तक मदद मिल सकती है या वे जानते हैं कि चीन-यू.के. संबंधों को नुकसान पहुंचाने से अन्ततः यू.के. की अर्थव्यवस्था को ही और नुकसान होगा, इसके बावजूद यहां का विषैला राजनीतिक वातावरण यू.के. के राजनेताओं को सही फैसला लेने के बजाए आसान रास्ता अपनाने को प्रेरित कर रहा है क्योंकि वहां के राजनेताओं में प्रभावी बदलाव लाने की बुद्धि और साहस नहीं है।

द फायनैंशियल टाइम्स (एफ.टी.) ने सोमवार को खबर दी कि ऋषि सुनक और लिज़ ट्रस में इस बात को लेकर झड़प हो चुकी है कि ब्रिटेन का अगला प्रधानमंत्री बनने की लड़ाई में चीन पर सबसे कड़ा रुख कौन अपनाएगा।

पूर्व वित्त मंत्री सुनक ने कहा कि ब्रिटेन तथा विश्व की सुरक्षा और समृद्धि के लिए इस शताब्दी में चीन सबसे बड़ी चुनौती है। सुनक ने यू.के. पर बीजिंग का प्रभाव कम करने के कई उपाय प्रस्तावित किए।

चीन के विरूद्ध सुनक की कड़ी टिप्पणियों को लेकर मीडिया प्रश्नों के जवाब में चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजिआन ने कहा कि ''मैं ब्रिटेन के कुछ राजनेताओं को स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि कथित ''चाइना थ्रैट'' के प्रचार सहित चीन के विरूद्ध गैर जिम्मेदाराना बयानबाजी करने से उनकी समस्याएं नहीं सुलझ सकतीं।''

एफ.टी. के अनुसार विदेश मंत्री ट्रस के साथियों ने कहा कि चीन पर सुनक का रवैया नरम रहता आया है, और कुछ समय पूर्व तक तो वह यू.के.-चाइना इकोनॉमिक एण्ड फायनैन्स कांफ्रेंस की योजना बना रहे थे, जो कि वर्ष 2019 के बाद पहली बार होती।

सुनक जब जुलाई 2021 में वित्त मंत्री थे तब उन्होंने कहा था कि ब्रिटेन को चीन के साथ अपना व्यापारिक संबंध मजबूत करना होगा। साथ ही उन्होंने कहा था कि यूरोपीयन यूनियन (ई.यू.) के वित्तीय सेवा बाजारों तक सीधी पहुंच बहाल करने के प्रयास विफल रहे हैं। उन्होंने चीन के साथ अधिक वित्तीय सहयोग की भी इच्छा जताई थी। अतः टीकाकारों ने कहा कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## हज

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 26 जुलाई। सर्वोच्च न्यायालय ने सऊदी अरब जाने वाले तीर्थयात्रियों को टूर ऑपरेटर्स द्वारा हज तथा उमरा सेवाओं के लिए दी जाने वाली गुड्स एण्ड सर्विसेज टैक्स (जी.एस.टी.) से छूट देने से मंगलवार को इंकार कर दिया।

न्यायमूर्ति ए.एम. खानविलकर, अभय एस. ओका तथा जमदेश बी. पार्दीवाला की बैंच ने उन सभी

- **सुप्रीम कोर्ट ने हज व उमरा सर्विस के टूर ऑपरेटर्स को जी. एस. टी. में छूट देने से इंकार कर दिया।**

याचिकाओं को खारिज कर दिया, जो ऑल इंडिया हज एण्ड उमराह टूर ऑर्गनाइजर एसोसिएशन की अगुवाई में टूर ऑपरेटरों ने दायर की थीं। बैंच ने 5 मई को यह फैसला सुरक्षित रख लिया था। छूट तथा भेदभाव-दोनों ही आधारों पर इन याचिकाओं को खारिज करते हुये, बैंच ने निर्णय दिया कि भारत के


( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 24 घंटे में पाली के सोजत में 105 मिमी बारिश दर्ज

## पाली के मारवाड़ जंक्शन में 87 मिमी बरसात हुई

**पाली, (नि.सं.)।** 26 जुलाई पाली जिले के बगड़ी नगर के निकट स्थित 9 पुलिया के निकट सड़क पर बरसाती पानी बहने से यातयात बाधित।

जिले भर में अच्छी बरसात है। पाली शहर में सोमवार दोपहर बाद बरसात का दौर शुरू हुआ जो मंगलवार दिन भर जारी रहा। वहीं सोजत, मारवाड़ जंक्शन तहसील क्षेत्र में सोमवार देर रात से बरसात शुरू हुई जिससे सड़कों पर पानी का रैला बह निकला। पिछले 24 घंटों में सोजत में 105 और मारवाड़ जंक्शन में 87 मिमी बरसात हुई। इसके साथ ही जिले के देसूरी, सादड़ी, रानी, बाली, तखतगढ़, रायपुर, जैतारण सहित अन्य क्षेत्रों में भी बरसात हुई। नाना-बेड़ा क्षेत्र में अच्छी बरसात होने से बेड़ा नदी से पानी जवाई बांध की ओर पहुंचने लगा है। जवाई बांध का गेज मंगलवार दोपहर 5 बजे तक 22.30 फीट तक पहुंच गया ओर सेई बांध का गेज 4.20 मीटर पर। सोमवार शाम तक जवाई बांध का गेज 19.05 था।



जवाई बांध का गेज 22.30 फीट तक पहुंचा।

जिले की बेड़ा व नाना नदी भी तेज बहाव पर है। ऐसे में जवाई बांध का गेज शाम तक ओर बढ़ने की उम्मीद है।

खिंवाड़ा क्षेत्र के रायपुरिया-वणदार काकण के बीच की पाल टूटने से खिंवाड़ा-रायपुरिया मार्ग बाधित हो गया।

- पाल टूटने से खिंवाड़ा-रायपुरिया मार्ग बाधित
- बगड़ी नगर का हाइवे से कनेक्शन कट गया

बगड़ी कने कट लीलड़ी में जाने वाला पानी मंगलवार को नौ पुलिया के निकट सड़क मार्ग पर करीब दो फीट ऊपर गुजरा। बगड़ी नगर का हाइवे से कनेक्शन कट गया।

मुंडारा के निकट बना अस्थाई पुलिया तेज बरसात में बहने से मुंडारा-रानी सड़क मार्ग भी प्रभावित हो गया है। जिससे दुरुस्त करने का काम फिलहाल जारी हैं।

# बांसवाड़ा के भूंगडा में 80 एमएम वर्षा दर्ज

**बांसवाड़ा, (निसं)।** जिले में बारिश का दौर जारी है मंगलवार प्रात: 8 बजे समाप्त हुए 24 घंटों में सर्वाधिक 80 एमएम वर्षा घाटोल तहसील क्षेत्र के भूंगडा में दर्ज की गई।

- सभी 11 तहसील क्षेत्र में अब तक 346 एमएम वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है

जिला कलेक्ट्रेट स्थित बाढ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त वर्षा मापी आंकडों के अनुसार गढ ी में 40 एमएम, अरथूना में 38, कुशलगढ में 27, छोटीसरवन तहसील क्षेत्र के दानपुर में 24, बागीदौरा में 22, बांसवाडा में 21, गढ ी तहसील क्षेत्र के लोहारिया में 20, गांगड तलाई तहसील क्षेत्र के शेरगढ में 18, घाटोल में 15, गांगड तलाई के सल्लोपाट में 13, सज्जनगढ में 12, आबापुरा के केसरपुरा में 11 तथा सबसे कम 5 एमएम वर्षा गनोडा तहसील क्षेत्र के जगपुरा में मापी गई। इसे मिलाकर जिले के सभी 11 तहसील क्षेत्र में अब तक 346 एमएम वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है।

## प्रतापगढ़ में दो इंच वर्षा

**प्रतापगढ़ , (निसं)।** जिले में वर्षा का दौर जारी है। मंगलवार प्रात: 8 बजे समाप्त 24घंटों में सर्वाधिक 2 इंच वर्षा प्रतापगढ़ तहसील मुख्यालय पर दर्ज की गई है। जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त सूचना के अनुसार अरनोद में 26 मिलीमीटर, धरियावद में 24, छोटीसादड़ी एवं दलोट में 16 एवं पीपलखूंट व सुहागपुरा तहसील मुख्यालय पर 14 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई है। सूचना के अनुसार नागलिया पिकअप वियर वर्षा मापक केंद्र पर22,जाखम बांध पर 52 तथा गादोला तालाब पर 26 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई है। अब तक जिले में औसत 356 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हो चुकी है।

# डूंगरपुर के चिखली में सवा तीन इंच पानी बरसा

**डूंगरपुर, (निसं)।** डूंगरपुर में सोमवार से शुरू हुआ बारिश का दौर मंगलवार सुबह तक चलता रहा। जिले में रात भर कभी तेज तो रिमझिम बरसात हुई। बारिश के बाद सडकों पर पानी भर गया। सुबह भी बारिश के चलते स्कूल जाने वाले बच्चों और कामकाजी लोगों को परेशानी हुई।

- जिले में 24 घंटे में करीब 1 इंच बरसात

कंट्रोल रूम के प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह 8 बजे तक पिछले 24 घंटों से सबसे ज्यादा सवा तीन इंच बारिश चिखली में रिकॉर्ड की गई है। इसके अलावा गलियाकोट में सवा 2 इंच 62 एमएम, सीमलवाडा में 46 एमएम, देवल में 27 एमएम, कनबा में 24 एमएम, निठाउवा में 12 एमएम, डूंगरपुर में 10 एमएम, वेंजा में 8 एमएम, साबला में 7 एमएम, सागवाडा में 6 एमएम, आसपुर में 6 एमएम, गणेशपुर में 4 एमएम, फलोज में 5 एमएम बारिश हुई है। जिले में पिछले 24 घंटे में औसत 23.15 एमएम बारिश रिकॉर्ड हुई है।

## पटवारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**अलवर, (निसं)।** एसीबी ने भिवाड़ी के निकट खिदरपुर हल्का के पटवारी को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे ट्रैप किया। पटवारी ने परिवादी से जमीन का म्यूटेशन खोलने के एवज में रिश्वत मांगी थी। एसीबी ने पटवारी को टूपकडा से गिरफ्तार कर लिया। पटवारी 2015 की भर्ती में नौकरी लगा था। पटवारी महेश ने परिवादी से कुल 15 हजार रुपए मांगे थे। परिवादी की तीन रजिस्ट्री थी। अलग-अलग जमीन की रजिस्ट्री होने के करण म्यूटेशन भी अलग खुलना था। प्रति रजिस्ट्री के हिसाब से 5 हजार रुपए मांगे थे। कुल 15 हजार रुपए रिश्वत देने का दबाव बनाता रहा। जब परिवादी के पास 15 हजार रुपए नहीं बने तो 5 हजार रुपए देते हुए ट्रैप करा दिया। रिश्वत लेने के कारण पटवारी जनवरी माह से जमीन का म्यूटेशन अटकाए बैठा था। परिवादी को रिश्वत की राशि बहुत अधिक लगी तो एसीबी को शिकायत कर दी। विजय सिंह ने बताया कि रिश्वत मांगने की पुष्टि होने के बाद ट्रैप की कार्रवाई पूर्ण की गई।

# सप्त शक्ति कमान ने कारगिल विजय दिवस मनाया

**जयपुर, (कासं)।** मेजर जनरल विक्रम वर्मा, विशिष्ट सेवा मैडल, कार्यवाहक चीफ ऑफ स्टाफ, सप्त शक्ति कमान ने 26 जुलाई 22 को जयपुर सैन्य स्टेशन के प्रेरणा स्थल पर देश की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर योद्धाओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने चीफ ऑफ स्टाफ, सप्त शक्ति कमान की ओर से ,कमान के सभी रैंकों को बधाई दी । जयपुर में एक अन्य कार्यक्रम में, जयपुर मिलिट्री स्टेशन के स्टेशन कमांडर ब्रिगेडियर जे एस बिष्ट, सेना मेडल ने स्टेट वॉर मेमोरियल ,अमर जवान ज्योति पर वेटेरन्स की एक टीम के साथ शहीद सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी ।

कारगिल विजय दिवस के हिस्से के रूप में, सप्त शक्ति कमान के अनेक स्टेशनों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें प्रेरक फिल्मों की स्क्रीनिंग, वीरता पुरस्कार विजेताओं और युद्ध के वेटेरन्स द्वारा प्रेरक वार्ता, बैंड सिम्फनी, स्कूलों में छात्रों के लिए पेंटिंग और ड्राइंग प्रतियोगिताएं और युद्ध स्मारकों पर माल्यार्पण जैसे अनेक



मेजर जनरल विक्रम वर्मा ने जयपुर सैन्य स्टेशन के प्रेरणा स्थल पर वीर योद्धाओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम शामिल थे। कारगिल विजय दिवस पर एक विशेष रेडियो शो में सप्त शक्ति कमान के कर्नल विक्रम सिंह ग्रेवाल को आमंत्रित किया गया था। 5 पैराशूट रेजीमेंट के साथ रेजिमेंटल मेडिकल ऑफिसर के रूप में बटालिक सेक्टर में कारगिल युद्ध में भाग लेने वाले कर्नल विक्रम सिंह ग्रेवाल ने ऑल इंडिया रेडियो पर भारतीय सैनिकों की बहादुरी तथा असाधारण मानवीय साहस और वीरता की कहानियों को सुनाया। उस समय कर्नल विक्रम सिंह ग्रेवाल ने एक मरून बेरेट डॉक्टर के रूप में युद्ध के दो कैदियों सहित 75 हताहतों का इलाज किया गया था।

# छबड़ा क्षेत्र के कई स्कूल दुर्दशा के शिकार

## विद्यालय में 63 का नामांकन तथा विद्यार्थियों के बैठने के लिए मात्र एक कक्ष है

**छबड़ा (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के कई स्कूल अभी-भी दुर्दशा का दंश झेल रहे हैं, यहां अध्ययनरत विद्यार्थी भय के साए में पढ़ ने को मजबूर हैं। घाटाखेडी ग्राम पंचायत के गोविंदपुरा गांव का प्राथमिक स्कूल का भवन जर्जर अवस्था में होने से अनहोनी का अंदेषा बना हुआ। समय रहते शिक्षा विभाग द्वारा ऐसे विद्यालयों की सुध नही ंली गई तो ऐसे स्कूल भवन धाराशाही भी हो जाएंगे।

पंचायत समिति सदस्य अनिता गौड व भाजपा देहात मंडल अध्यक्ष अशोक गौड ने बताया कि गोविंदपुरा गांव में वर्ष 1979 में यहां राजकीय प्राथमिक विद्यालय की स्थापना हुई लेकिन 1997 में विद्यालय को भवन के नाम पर दो कमरे मिल पाए। वर्तमान में विद्यालय में 63 नामांकन तथा दो शिक्षक कार्यरत हैं। लेकिन यहां विद्यार्थियों के बैठने के लिए मात्र एक कक्ष है, जिसका भी निर्माण 2015 में ग्राम पंचायत द्वारा करवाया गया था। बाकी पूरे भवन की छत बारिश में टपकती हैं तथा जीर्णशीर्ण हालात में है। गांव और स्कूल के बीच मे एक गहरा खाल भी है जो बारिश में ऊफान पर रहता है।

रास्ते के अभाव में बच्चों को चार किलोमीटर पैदल चलकर अध्ययन के



क्षेत्र की घाटाखेड़ी पंचायत के गोविंदपुरा का प्राथमिक स्कूल का भवन जर्जर अवस्था में होने से अनहोनी का अंदेशा बना हुआ है।

लिए जाना पड़ता है। उन्होने शिक्षा विभाग व प्रशासन से शीघ्र ही विद्यालय तक पहुंचने का रास्ता बनवाने की मांग की। गांव के पवन मीणा, बद्रीलाल मीणा सहित रामचरण मीणा, दौलतराम मीणा, नीरज मीणा, जगदीश मीणा, बाबूलाल मीणा आदि ने बताया कि हम हमारे बच्चों के भविष्य के बारे में चिंतित हैं।

इधर, कामगार कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हिम्मत गुर्जर के नेतृत्व मे मंगलवार को एसडीएम को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर गोविंदपुरा स्कूल की हालत सुधारने की मांग की अन्यथा भूख हड़ताल की चेतावनी दे डाली। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दीपक त्यागी, नगर अध्यक्ष रवि लोधा, सेवादल नगर अध्यक्ष संजय सेन, नीलेश नागर, राजकुमार शर्मा, अरविंद मीणा, बिट्टल मीणा, पवन मीणा, सोनू बंजारा आदि मौजूद रहे।

# भारी बरसात से जोधपुर में रेल सेवाएं प्रभावित

**जोधपुर , (कासं)।** दो दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण जोधपुर रेलवे स्टेशन और आस-पास के क्षेत्रों में रेलवे यार्ड में भारी मात्रा में जलभराव को देखते हुए रेल सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं । रेल प्रशासन ने इस विकट परिस्थिति ध्यान में रखते हुए कुछ ट्रेनें रद्द की हैं और कुछ ट्रेनें बीच रास्ते में ही टर्मिनेट कर दी हैं । यातायात बहाल करने की दृष्टि से रेल प्रशासन राहत कार्यों में जुट गया है।

- रेलवे यार्ड में भारी मात्रा में जलभराव होने पर कुछ ट्रेनें रद्द की हैं

मंडल रेल प्रबंधक गीतिका पांडेय ने बताया कि जोधपुर में लगातार हो रही बरसात से रेल सेवाएं और रोजमर्रा का कामकाज भी बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। यात्री सुरक्षा को देखते हुए कुछ ट्रेनों को बीच रास्ते में ही रद्द करना पड़ा है ।

उन्होंने बताया कि जिन ट्रेनों को रास्ते के स्टेशनों पर रद्द किया गया है उनके यात्रियों को जोधपुर स्टेशन तक पंहुचाने के लिए न सिर्फ बसों की व्यवस्था की गई है अपितु उनके लिए खान-पान व चिकित्सा सुविधाएं भी मुहैया करवाई गई। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त मुख्य रेलवे स्टेशन पर सक्षम अधिकारियों,नागरिक सुरक्षा और मेडिकल स्टाफ की विशेष तैनाती की गई है।

उन्होंने बताया कि जोधपुर-राइकाबाग- बनाड़ रेलखंड में अत्यधिक जलभराव होने की वजह से जोधपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 14810 जोधपुर- जैसलमेर एक्सप्रेस तथा गाड़ी संख्या 14813 जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस को रद्द कर दिया गया है । इसके अलावा जोधपुर से चलकर बिलाड़ा जाने वाली गाड़ी संख्या 04846 जोधपुर - बिलाड़ा एक्सप्रेस जोधपुर की बजाय बनाड़ रेलवे स्टेशन से रवाना किया गया है।

इसके अतिरिक्त दिल्ली से चलकर जोधपुर आने वाली गाड़ी संख्या 22995 दिल्ली - जोधपुर मंडोर एक्सप्रेस सुपरफास्ट को रेल लाइनों पर अत्यधिक जलभराव होने के कारण जोधपुर कैंट रेलवे स्टेशन पर ही रद्द कर दिया गया है। इसी तरह अबोहर- बठिंडा से चलकर जोधपुर आने वाली गाड़ी संख्या 14722 अबोहर जोधपुर एक्सप्रेस को खारिया खंगार में ही टर्मिनेट कर दिया गया है।

डीआरएम ने बताया कि रेल प्रशासन समूचे मंडल के रेल खंडों पर नजर बनाए हुए है । जोधपुर मंडल में भारी बरसात और उसकी चेतावनी के मद्देनजर डीआरएम ऑफिस में कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है । डीआरएम ने आम लोगों,यात्रियों और वाहन चालकों से जोधपुर -मारवाड़ जंक्शन के बीच विद्युतीकृत ओवर हेड खम्भों से पर्याप्त दूरी बनाए रखने का अनुरोध किया है।

# रास्ता दलदल में तब्दील, विद्यार्थी परेशान



पंचायत मुख्यालय देहलाला से श्यामपुरा कोटखावदा का रास्ता कीचड़ से अटा पड़ा है।

**चाकसू, (निसं)।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुख्यालय देहलाला से ग्राम बालमुकुंदपुरा उर्फ बांसडा होते हुए श्यामपुरा कोटखावदा तहसील को जोड़ने वाला मुख्य कच्चा रास्ता बेहद खराब हो गया है। इन दिनों लगातार हो रही बारिश के कारण पूरा रास्ता दलदल में तब्दील हो गया है जिससे आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।

- स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विधायक सहित सार्वजनिक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारी नहीं कर रहे सुनवाई

स्थानीय लोग कई बार यहां सीसी या डामर की सडक बनवाने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विधायक सहित सार्वजनिक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को गुहार लगा चुके हैं लेकिन वे कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

इस रास्ते पर बडे-बडे गड्ढे हो गए हैं। बच्चे अपनी जान जोखिम में डालकर स्कूलों में जाने के लिए मजबूर हैं। नरसी मीणा, हनुमान सहाय जांगिड सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत मुख्यालय देहलाला से ग्राम बालमुकुंदपुरा उर्फ बांसडा होते श्यामपुरा कोटखावदा तहसील को जोडने वाले मुख्य रास्तों की हालत इन दिनों बहुत खराब है।

# चंबल क्षेत्र के लोगों से सतर्क रहने की अपील

**मण्डरायल/ करौली, (नि.स.) ।** मंडरायल में जिला प्रशासन के अधिकारियों ने चंबल नदी के तट पर पहुंचकर आने वाले पानी का जायजा लेते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की।

इन दिनों प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश हो रही है जिसके चलते चंबल नदी भी उफान पर है कोटा बैराज के 19 गेट खोलकर चंबल नदी में की जा रही पानी की निकासी को देखते हुए करौली जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड पर आ गया है जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह के निर्देशानुसार मौके पर सिविल डिफेंस की टीम तैनात कर दी गई है। वही जिला प्रशासन के अधिकारियों को 24 घंटे सतर्क रहने के साथ-साथ आमजन से पानी वाले स्थानों से दूर रहने की अपील की जा रही है। मंगलवार को दोपहर उप जिला कलेक्टर प्रदीप कुमार चौमाल, तहसीलदार महेन्द्र कुमार गुप्ता सहित सिविल डिफेंस टीम के जवान फरमान खॉन, बालकृष्ण, ललित, भूपेन्द्र, वीरेन्द्र चंबल नदी के तटीय इलाकों में पहुंचे जहां आने वाले पानी के बहाव को देखते हुए लोगों से सावधान एवं सतर्क रहने की अपील की।

# भीलवाड़ा में भर भराकर गिरा तीन मंजिला मकान, वृद्धा दबी



आजाद नगर में तीन मंजिला मकान जोरदार धमाके के साथ चंद मिनटों में ढह गया।

**भीलवाड़ा (निस)।** बारिश से मंगलवार दोपहर आजाद नगर में एक तीन मंजिला मकान चंद मिनटों में जोरदार धमाके के साथ धराशायी हो गया। मलबे में एक वृद्ध महिला दब गई जिसे एसडीआरएफ की टीम ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिया। वृद्धा के अलावा मकान में कोई नहीं था। परिवार के बाकी लोग काम से घर से बाहर थे, जिसके चलते जनहानि नही हुई। उधर, सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए।

- एसडीआरएफ टीम ने दो घंटे के प्रयासों के बाद महिला को सकुशल बाहर निकाला

प्रताप नगर पुलिस ने बताया कि आजाद नगर में सुरेश पुत्र मांगीलाल शर्मा का तीन मंजिला मकान गिरने पर सुरेश शर्मा की 60 साल की पत्नी कमला देवी अकेली थी, जो मलबे में दब गई। पुलिस-प्रशासन को मिली सूचना पर दी। इस पर कलेक्टर आशीष मोदी, एसपी आदर्श सिद्धू, एडीएम, एसडीएम, एएसपी, डीएसपी, नगर परिषद के साथ ही एसडीआरएफ की टीम व प्रताप नगर पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। एसडीआरएफ टीम ने दो घंटे के प्रयासों के बाद महिला को सकुशल बाहर निकाल लिया। इससे पूर्व राहत कार्य के दौरान एसडीआरएफ टीम ने महिला से लगातार संवाद बनाए रखा। मलबे में दबी कमला देवी को एसडीआरएफ की टीम द्वारा सकुशल बाहर निकालने पर परिजनों सहित मौके पर मौजूद पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने राहत की सांस ली। महिला को एमजी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उनका स्वस्थ्य परीक्षण किया गया। हादसे के दौरान मौके पर बड़ी संख्या में भीड़ जमा हो गई।

## सार-समाचार

### कारगिल युद्ध शहीद दिवस मनाया



**उदयपुर, (कासं)।** अनुष्का ग्रुप की ओर से कारगिल विजय दिवस के इस विशेष अवसर पर कारगिल युद्ध में शहीद हुए सभी सैनिकों को याद कर विभिन्न देशभक्ति कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई। अनुष्का ग्रुप के निदेशक राजीव सुराणा ने अपने वक्तव्य के दौरान बताया कि भारत सरकार के द्वारा जो मुहिम चलाई जा रही है वो बहुत ही सराहनीय है एवं प्रत्येक भारतवासी को इस मुहिम का हिस्सा बनते हुए गौरवान्वित अनुभव करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान संस्थान से भूपेश परमार, गौरीशंकर मालवीय, हेमंत बाबेल, हेमेंद्र वैष्णव, गोपाल प्रजापत, प्रणय जैन, हर्षिल कुमावत, मीनल शर्मा, रेखा मीणा, निर्मल मेघवाल, गिरजा सालवी एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### कृषक उपहार योजना की लॉटरी निकाली

**उदयपुर, (कासं)।** राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के समस्त मंडी समितियों के माध्यम से कृषकों के लिए जारी कृषक उपहार योजना के तहत उदयपुर कृषि उपज मण्डी की गठित समिति द्वारा लॉटरी मंगलवार को मंडी कार्यालय सभागार में निकाली गई। लॉटरी हेतु गठित कमेटी के अध्यक्ष एडीएम सिटी व मंडी प्रशासक श्रीमती प्रभा गौतम, कृषि विपणन विभाग के संयुक्त निदेशक संजीव पण्ड्या व मंडी सचिव मदन लाल गुर्जर ने विभिन्न अधिकारियों, किसानों, व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों एवं मण्डी कार्यकर्ताओं के समक्ष विक्रय पर्ची एवं ई-पेमेन्ट पर जारी कूपनो की पृथक-पृथक लॉटरी निकाली। कृषि उपज मंडी समिति (अनाज) उदयपुर के सचिव ने बताया कि गेट पास की विक्रय पर्चियों पर 25 हजार रुपये का प्रथम पुरस्कार प्रकाश पटेल, 15 हजार रुपये का द्वितीय पुरस्कार देवीलाल व 10 हजार रुपये का तृतीय पुरस्कार नारायण के नाम रहा। वहीं ई भुगतान की विक्रय पर्ची पर 25 हजार रुपये का प्रथम पुरस्कार जहूर मोहम्मद, 15 हजार रुपये का द्वितीय पुरस्कार भंवरलाल व 1० हजार रुपये का तृतीय पुरस्कार शिवगिरी के नाम रहा।

### जागरूकता अभियान चलाया

**उदयपुर, (कासं)।** सदभाव सेवा फाउण्डेशन की ओर से पर्यावरण बचाने, भोजन पानी की बर्बादी रोकने के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से राउप्रावि चणबोरा में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया और प्रतियोगिता के विजयी विद्यार्थियों को उपहार वितरित किये। इस मौके पर फाउण्डेशन की ओर से बच्चों में स्टेशनरी, स्लीपर्स आदि वितरित किये। कार्यक्रम में फाउण्डेशन के अध्यक्ष ओम अग्रवाल ने बच्चों को कविता एवं प्रेरणास्पद बातों से छात्रों से पर्यावरण बचाने, प्लास्टिक उपयोग बंद करने, भोजन-पानी की बर्बादी रोकने आदि पर चर्चा की। कार्यक्रम में संस्था प्रधान सहित शिक्षकगण तथा फाउण्डेशन के विनोद सोलंकी, रेखा अग्रवाल, रिया बंसल, आदि उपस्थित थे।

### युवक की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** शहर भ्रमण के लिए आए युवक की अकाल मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के अम्बामाता थाना क्षैत्र स्थित होटल में ठहरे मानसरोवर जयपुर निवासी दीपक (30) पुत्र विनोद कुमार की अकाल मौत हो गई। विनोद साथियों के साथ 20 जुलाई को शहर भ्रमण के लिए आया था एवं होटल में ठहरा था। सोमवार को तबीयत खराब होने इनो पीया था। जिससे तबीयत ठीक हो गई थी। रात में दुबारा तबीयत खराब होने पर उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर हेड कांस्टेबल नरेश कुमार ने मौके पर पहुंच कर मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।विनोद क्रेडिट कार्ड कंपनी में काम करता था।

### करंट से अधेड़ की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के अम्बामाता थाना क्षैत्र में विद्युत लाईन छू जाने पर करंट से झुलसने से अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अम्बामाता थाना क्षैत्र के चिकलवास ढीमड़ी गांव निवासी मेघराज (45) पुत्र दल्ला डांगी की करंट लगने से झुलसने पर मौत हो गई। मंगलवार सवेरे मेघराज अपने मकान के सामने स्थित बाड़े में मवेशियों को चारा डालने जा रहा था। इस दौरान उपर से गुजर रही विद्युत सर्विस लाईन छू जाने पर झुलसने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश ने मृतक कापेस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

### अधेड़ ने की आत्महत्या

**उदयपुर, (कासं)।** आर्थिक तंगी के चलते अधेड़ ने अपने मकान में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार भुपालपुरा थाना क्षेत्र शास्त्री सर्कल अलका होटल के पास रहमानिया कॉलोनी निवासी ताहिर हुसैन (53) पुत्र अहमद हुसैन ने अपने मकान में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। ताहीर आर्थिक तंगी से परेशान था। इसी के चलते उसने फांसी लगा ली। इसका पता चलने पर परिजन फंदे से नीचे उतार परिजन उसे उपचार के लिए चिकित्सालय ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

### कृषक उपहार योजना की लॉटरी आज

**बड़ी सादड़ी, (कासं)।** राजस्थान सरकार ने कृषि विपणन निदेशालय के तहत प्रदेश की सभी मण्डी समितियों के माध्यम से किसानों के लिए कृषक उपहार योजना लागू की है। मण्डी सचिव पंकज पारख के अनुसार उक्त योजना के तहत किसानों को मण्डी समिति में संचालित ई-नाम परियोजना अर्न्तगत इस मण्डी समिति में अपनी कृषि उपज विकय करने एवं ई-भुगतान प्राप्त करने पर निःशुल्क ई-उपहार कुपन जारी किए गए थे। योजना के तहत 1 जनवरी 2022 से 30 जून 2022 तक जारी कुपनों पर मण्डी समिति द्वारा गेट पास की विक्रय पर्चियों एवं ई-भुगतान की विक्रय पर्चियों पर प्रथम पुरस्कार 25 हजार, द्वितीय पुरस्कार 15 हजार तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 10 हजार रूपये दिए जायेंगे। यह पुरस्कार मण्डल स्तर पर प्रत्येक छः माह में दिए जाएंगे। पारख ने बताया कि पुरस्कार योजना अर्न्तगत मण्डी स्तर पर गठित समिति द्वारा ऑफ-लाईन लाटरी के माध्यमक से 27 जुलाई को दोपहर समिति कार्यालय में खोली जायेगी।

### रक्तदान दिवस मनाया

**उदयपुर, (कासं)।** जायसवाल महिला क्लब उदयपुर एवं गुरुद्वारा सचखंड दरबार के सानिध्य में रक्तदान दिवस मनाया। सभी रक्त वीरों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जायसवाल युवा महिला क्लब उदयपुर की अध्यक्षा मधुबाला जायसवाल ने बताया कि शिविर में 134 यूनिट रक्तदान हुआ। जिसमें संभागीय अध्यक्षा लीना जायसवाल, विकास चौधरी, ममता चौधरी, कीर्ति सूद, सुनील गवारिया आदि ने भी रक्तदान किया।


**कार्यालय नगर निगम, उदयपुर**
टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001 दूरभाष सं.0294-2421255, 2420013,
Helpline no-0294-2426262, वेबसाइट- www.mcudaipur.org.com

क्रमांक:-69-क/2021-22/4257 **आम-सूचना** दिनांक:-26-7-22

श्री रामचन्द्र सालवी पिता श्री जग्गु सालवी निवासी 1168, सरस्वती हॉस्पीटल के पीछे, गणेशनगर पायड़ा, उदयपुर ने वर्णित भूमि के अपने अधिकार आवासीय/वाणिज्यिक/ मिश्रित के प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगर निगम के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/गली का नाम | पड़ौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड संख्या | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लंबाई और चौड़ाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| उदयपुर | 1168, सरस्वती हॉस्पीटल के पीछे गणेशनगर पायड़ा, उदयपुर | पूर्व- गेंदीबाई का मकान<br>पश्चिम- बंशीलाल खटीक का मकान<br>उत्तर- किशनगिरी का मकान<br>दक्षिण- रोड़ | 983 वर्गफीट |


इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है। यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम, 2009 की धारा 69-क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजुरी के सम्बन्ध में कोई आक्षेप है तो वह यह नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियम समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा की किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ....... के जारी की गई।

आयुक्त, नगर निगम उदयपुर


# उदयपुर के मदार में सवा इंच बारिश, मदार छोटा तालाब पर चादर चला

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर की फतहसागर झील को भरने वाले प्रमुख तालाब मदार बड़ा व छोटा दोनों ही छलक कर इन पर चादर चल रही है। मदार बड़ा का पानी 14 जुलाई से फतहसागर में आ रहा है वहीं मदार छोटा पर मंगलवार सुबह चादर चलने के साथ ही इसका पानी भी फतहसागर में आने लगा है। इधर, शाम 5 बजे तक समाप्त बीते 12 घंटों में जहां शहर में रूक-रूक कर बूंदाबांदी हुई वहीं जिले के मदार में 34 मिमी (सवा इंच) बारिश रिकॉर्ड की गई। फतहसागर झील का जलस्तर 9 फीट 8 इंच हो गया है।

- **मदार छोटा पर चादर चलने के साथ इसका पानी फतहसागर में आने लगा**
- **फतहसागर झील का जलस्तर 9 फीट 8 इंच हो गया**



**उदयपुर में मदार छोटा तालाब पर मंगलवार को चादर चल पड़ी। इसका पानी मदार नहर के जरिए फतहसागर में आ रहा है।**

लेकसिटी में मदार छोटा छलकने से मदार नहर से हो रही आवक में और तेजी आ गई है। चिकलवास हेड जो सोमवार को 2 फीट 3 इंच बह रही थी वह आज 3 फीट 8 इंच हो गई वहीं चिकलवास टेल 1 फीट 2 इंच से बढ़कर 2 फीट 2 इंच के वेग से बहती हुई मदार नहर के जरिए फतहसागर में आ रही है। सीसारमा नदी आज भी एक फीट के वेग से बहती रही। फतहसागर झील का जलस्तर 9 फीट 8 इंच हो गया है। यह 3 फीट 4 इंच खाली रह गया है। वहीं पीछोला झील का जलस्तर 6 फीट 5 इंच बना हुआ है। पूर्ण भराव क्षमता 11 फीट से यह 4 फीट 7 इंच खाली है। सिंचाई विभाग के बाढ़ नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार प्रातः 8 बजे समाप्त बीते 24 घंटों में जिले में स्वरूपसागर पर 4 मिमी, देवास स्टेज प्रथम पर 20, नाई 3, वल्लभनगर 12 व बागोलिया में 25 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। शाम 5 बजे समाप्त बीते 12 घंटों में जिले के मदार में 34 मिमी व बागोलिया में 5 मिमी बरसात हुई है।

# कच्ची बस्ती निवासियों को भी मिलेंगे पट्टे

**उदयपुर, (कासं)।** कच्ची बस्तियों में नोटिफाइड व डी नोटिफाइड बस्तियों में पट्टे बनाने की कार्यवाही निगम द्वारा प्रारंभ हो गई है। कच्ची बस्ती सुधार समिति अध्यक्ष देवेन्द्र साहू ने बताया कि उदयपुर नगर निगम कि नोटिफाइड कच्ची बस्ती मनोहर पूरा, नीमचखेड़ा, इंद्रा नगर गोवर्धन विलास, कृष्णा कॉलोनी, बंजारा बस्ती, मठमादड़ी आदि बस्तियों में दिसंबर 2021 के सर्वेनुसार 200 वर्गगज तक पट्टे दिये जा सकेंगे। डी नोटिफाइड बस्तियों में धारा 1974 के तहत अरक्षित दर के 10 प्रतिशत से 200 वर्ग गज के पट्टे दिये जा सकेंगे।


प्रारूप-10 (नियम-6(7) देखिए)

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर पालिका, नाथद्वारा**

सं./न.पा.नाथ/90क/22/14039 दिनांक: 25.07.22

**लोक -सूचना**

श्रीमती सीमा देवी पत्नी श्री प्रकाशचन्द्र जी काबरा निवासी लालबाग, नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर -कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| नाथद्वारा जिला-राजसमन्द | नाथद्वारा | 305 | रकबा 0.2656 हैक्टर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 25.7.2022 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर पालिका, नाथद्वारा



प्रारूप-10 (नियम-6(7) देखिए)

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर पालिका, नाथद्वारा**

सं./न.पा.नाथ/90क/22/14051 दिनांक: 25.07.22

**लोक -सूचना**

श्री प्रकाशचन्द्र काबरा पिता स्व.श्री मदनलाल काबरा निवासी लालबाग, नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर -कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| नाथद्वारा जिला-राजसमन्द | भलावतों का खेड़ा | 348 | कुल रकबा 0.0253 हैक्टर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 25.7.2022 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर पालिका, नाथद्वारा


# विद्यार्थी केरियर की शुरूआत गांवों से करें : प्रो. सारंगदेवोत

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विवि के संघटक डिपार्टमेंट ऑफ कम्प्यूटर साईस एण्ड आईटी विभाग के बीसीए के छात्र छात्राओं को कम्युनिटी बेस शिक्षा से जोडने के उद्देश्य से विद्यापीठ के साकरोदा सेंटर पर आयोजित ग्रामीण केम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने विद्यार्थियो का आव्हान किया कि वे ऐसा कार्य करे जिसका लाभ ग्रामीणजन को हो। भारत की आत्मा गांवों में बसती है। आज शहर एवं गांवो के अंतर को कम होगा। आज गांवों से शहरों की ओर पलायान हो रहा है इस कारण शहरों पर दबाव बढ रहा है जिसे रोकना होगा। विद्यार्थी अपने केरियर की शुरूआत गांवों से करें और नौकरी लेने वाला नहीं, देने वाला बनें। किताबी ज्ञान के साथ साथ व्याहारिक ज्ञान को भी अपने जीवन में उतारेगे तो जीवन में कभी असफल नहीं होगे। पढाई के दौरान अपने आसपास के गांवों में जायें, उनका जीवन देखे, उनकी समस्याओं को जाने व उसका समाधान करने का प्रयास करें।

- **साकरोदा सेंटर पर ग्रामीण शिविर का हुआ आयोजन**




**विद्यापीठ के साकरोदा सेंटर पर ग्रामीण केम्प को कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत (बीच में) ने संबोधित किया।**

प्रारंभ में निदेशक प्रो. मंजू मांडोत ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की जानकारी दी। शिविर में विद्यार्थियों ने ग्रामीण महिलाओं से बातचीत की व उनकी दिनचर्या व समस्याओं के बारे में जाना। कार्यक्रम बालकृष्ण शुक्ला ने विद्यार्थी एवं ग्रामीण महिलाओं को टमाटर सोस एवं अमृतधारा की गोलिया बनाने की विधि सिखाई। संचालन डॉ. भारत सिंह देवड़ा ने किया जबकि आभार केन्द्र प्रभारी डॉ. राकेश दाधीच ने दिया। कार्यक्रम में डॉ. दिलिप चौधरी, डॉ. भरत सुखवाल, डॉ. प्रियंका सोनी सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

## रोडवेज बस ने युवक को कुचला

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सूरजपोल चौराहा पर रोड़वेज बस ने राह चलते युवक को कुचल दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सूरजपोल थाना क्षैत्र सूरजपोल चौराहा पर मंगलवार को राह चलते युवक को रोड़वेज बस ने कुचल दिया। जिससे हाउसिंग बोर्ड कॉलेनी प्रतापनगर निवासी किशोर (45) पुत्र पवनदास छाबड़ा की मौत हो गई। किशोर सूरजपोल चौराहा पर पर शिकंजी का ठेला लगाने वाले अपने भाई के पास काम करता था। मंगलवार को वह पैदल काम से जा रहा था। जहां बीच रास्ते सूरजपोल चौराहा पर उदयपुर से अजमेर जा रही रोड़वेज बस ने उसे कुचल दिया जिससे मौके पर भीड़ जमा हो गई। इसको देख चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर सूरजपोल थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर बस जब्त कर चालक की तलाश शुरू की। इधर हादसे में गंभीर घायल होने पर उपचार के लिए एमबी चिकित्सलय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।


प्रारूप-10 (नियम-6(7) देखिए)

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर पालिका, नाथद्वारा**

सं./न.पा.नाथ/90क/22/14036 दिनांक: 25.07.22

**लोक -सूचना**

श्री प्रकाशचन्द्र काबरा पिता स्व.श्री मदनलाल काबरा निवासी लालबाग, नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर -कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| नाथद्वारा जिला-राजसमन्द | भलावतों का खेड़ा | 346,979/340 | रकबा 0.2569 हैक्टर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 25.7.2022 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर पालिका, नाथद्वारा



प्रारूप-10 (नियम-6(7) देखिए)

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर पालिका, नाथद्वारा**

सं./न.पा.नाथ/90क/22/14042 दिनांक: 25.07.22

**लोक -सूचना**

श्री प्रकाशचन्द्र काबरा पिता स्व.श्री मदनलाल काबरा निवासी लालबाग, नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर -कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| नाथद्वारा जिला-राजसमन्द | भलावतों का खेड़ा | 254 | रकबा 0.03190 हैक्टर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 25.72022 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर पालिका, नाथद्वारा


# मूत्राशय से निकाला 7 सेंटीमीटर का स्टोन, मरीज को मिली दर्द से राहत



**पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में मरीज के साथ डॉक्टर्स टीम।**

**उदयपुर, (कासं)।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में 50 वर्षीय कुइया राम के मूत्राशय से 7 सेन्टीमीटर का स्टोन निकालकर उसे दर्द से निजात दिलाई। इस सफल ऑपरेशन में सर्जन डॉ. गुरुदत्त, डॉ. कोनार्क ठक्कर, डॉ.जोयश, ऐनेस्थेटिस्ट डॉ.स्वाति शर्मा, चन्द्रमोहन शर्मा. धनश्याम एवं कैलाश की टीम का सहयोग रहा। जालौर निवासी 50 वर्षीय कुइया राम को पिछले एक साल से पेट के निचले हिस्से में दर्द की शिकायत के चलते परिजन उसे पीएमसीएच लेकर आए यहाँ इन्होंने कुइया राम को सर्जरी विभाग में डॉ. कोनार्क को दिखाया तो सोनोग्राफी एवं एक्सरे की जांच करने पर मरीज के मूत्राशय में पथरी का पता चला जिसका कि ऑपरेशन द्वारा ही इलाज सम्भव था।

- **पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में किया ऑपरेशन**

डॉ.कोनार्क ठक्कर ने बताया कि यूरोलॉजी विभाग के डॉ. हनुवन्त सिंह के निर्देशन में किए गए इस सफल ऑपरेशन में मरीज के मूत्राशय से 7 सेन्टीमीटर का एक स्टोन निकाला।

परिजनों ने पीएमसीएच के चेयरमैन राहुल अग्रवाल, सभी चिकित्सकों, मैनेजमेंट, नर्सिंग कर्मियों एवं स्टॉफ का आभार जताया। कुइया राम अभी पूरी तरह से स्वस्थ्य है और उसे छुट्टी दे दी गई है।

## आग लगने से वृद्धा की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** गोगुन्दा कस्बे में मच्छरों से बचने के लिए आग लगा कर झोंपड़ी में सोई वूद्धा की झुलसने से मौत हो गई। दो दिन बाद परिजनों को घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोगुन्दा कस्बे के गारियों का गुड़ा भील बस्ती निवासी नन्दूबाई गमेती (75) पत्नी भीमाजी की अपने ही झोपड़ पट्टी में आग लगने से झुलसने पर मौत हो गई। नन्दूबाई की तीन पुत्र है तीनों अलग अलग मकान में रहते है। नन्दू बाई अपनी इच्छानुसार किसी भी पुत्र के वहां एवं गांव में रहने वाले धर्म भाई के वहां खाना खा कर घर लौट आती थी। वह अपने घर में सोते समय मच्छरों से बचने के लिए गोबर के कण्डों में आग लगाया करती थी।


प्रारूप-10 (नियम-6(7) देखिए)

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर पालिका, नाथद्वारा**

सं./न.पा.नाथ/90क/22/14047 दिनांक: 25.07.22

**लोक -सूचना**

श्री प्रकाशचन्द्र काबरा पिता स्व.श्री मदनलाल काबरा निवासी लालबाग, नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर -कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| नाथद्वारा जिला-राजसमन्द | नाथूवास | 1536/216, 1542/246 | रकबा 0.0316 हैक्टर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 25.7.2022 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर पालिका, नाथद्वारा


# मंडी समिति ने ई-कूपनों की निकाली लॉटरी

**कपासन, (निसं)।** कपासन में सोमवार को कृषि उपज मंडी के सभा कक्ष में राजस्थान सरकार और कृषि विपणन निदेशालय द्वारा संचालित कृषक उपहार योजना 2020-21 की लॉटरी निकाली गई। जिसमें कृषि उपज विक्रय करने हेतु मंडी में लेकर आने वाले कृषकों को ई-नाम पोर्टल के माध्यम से ई-भुगतान प्राप्त करने पर निशुल्क ई-उपहार कूपन मंडी समिति के माध्यम से जारी किए गए।

- **विजेता किसानों को मिला पुरस्कार**



**कपासन में राजस्थान सरकार और कृषि विपणन निदेशालय द्वारा संचालित कृषक उपहार योजना 2020-21 की लॉटरी निकाली गई।**

कूपन 1 जनवरी से 30 जून तक जारी किए थे। जिसमें गेट पास विक्रय पर्ची पर प्रथम पुरस्कार राशमी क्षेत्र के गांव जालपुरा के राजू लाल अहीर, द्वितीय गांव किरखेड़ा चाकुडा निवासी प्रहलाद किर और तृतीय कपासन निवासी जीवन कुमावत के नाम खुला। वहीं ई भुगतान की विक्रय पर्ची की लॉटरी में प्रथम पुरस्कार गांव भादसोड़ा के ओंकारलाल, द्वितीय गांव हिंगोरिया के रतन लाल और तृतीय राशमी क्षेत्र के गांव पावली निवासी कपिल के नाम निकली। दोनों पुरुस्कारों में क्रमश प्रथम पुरस्कार 25 हजार, द्वितीय 15 हजार और तृतीय 10 हजार रुपए की इनाम राशि है। बता दें कि मंडी समिति के सभाकक्ष में उपस्थित अधिकारियों, किसानों, व्यापारियों एवं मंडी कार्यकर्ताओं के समक्ष लॉटरी निकाली गई। जिसमें राज्य सरकार के द्वारा लॉटरी खोलने हेतु गठित कमेटी के अध्यक्ष प्रतिनिधी कार्यवाहक तहसीलदार ईशाक मोहम्मद, कृषि विपणन विभाग के सयुक्त निदेशक संजीव पण्ड्या, एवं स्थानीय मंडी सचिवकुंदन देवल के द्वारा लॉटरी निकाली गई।


**UDAIPUR CEMENT WORKS LIMITED**
(CIN: L26943RJ1993PLC007267)
**Regd. Office:** Shripati Nagar, CFA, P.O.: Dabok, Udaipur-313 022 (Rajasthan)
**Admin Office:** Nehru House, 4, Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi-110 002
Email: ucwl.investors@jkmail.com, Website: www.udaipurcement.com, Tele/Fax: 0294-2655076/77

**Extract of Unaudited Financial Results for the Quarter ended 30th June, 2022**

(Amount in ₹ Crs.)

| Sl. No. | Particulars | Three Months ended 30.06.2022 (Unaudited) | Three Months ended 30.06.2021 (Unaudited) | Year Ended 31.03.2022 (Audited) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 278.11 | 216.33 | 875.98 |
| 2 | Profit Before Interest, Depreciation & Taxes (EBITDA) | 40.43 | 43.17 | 153.82 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the Period (before Tax and Exceptional Items) | 18.97 | 22.60 | 68.41 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the Period Before Tax (after Exceptional Items) | 18.97 | 22.60 | 64.81 |
| 5 | Net Profit / (Loss) for the Period After Tax (after Exceptional Items) | 13.57 | 16.89 | 48.66 |
| 6 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive income (after tax)] | 13.53 | 16.84 | 48.43 |
| 7 | Paid-up Equity Share Capital (Face Value ₹ 4/- per Share) | 124.56 | 124.56 | 124.56 |
| 8 | Other Equity (excld. Revaluation Reserve) | | | 170.00 |
| 9 | Earnings Per Share (of ₹ 4/- each) (Not Annualised) Basic / Diluted | 0.44 | 0.54 | 1.56 |

**Notes:**

(1) The above results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meetings held on 26th July, 2022.

(2) The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results ended 30th June, 2022 filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the website of Stock Exchange at www.bseindia.com and also on Company's website at www.udaipurcement.com.

**Place:** New Delhi
**Date:** 26th July, 2022

**Vinita Singhania**
**Chairperson**

UCWL UDAIPUR CEMENT WORKS LIMITED
(A subsidiary of JK Lakshmi Cement Ltd.)

## सार-समाचार

### नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

**मंडफिया,** (निसं)। भारतीय किसान संघ ने अपनी मांगों को लेकर केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण के नाम भादसोड़ा स्थित उप तहसील में नायब तहसीलदार रामलाल मेघवाल को ज्ञापन सौंपा। किसान नेता एवं तहसील प्रभारी रूपेश कुमार तुसावड़ा ने बताया कि आज किसान काश्तकारों ने विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि मार्फिंग का नियम हटाने, औसत के आधार पर ही लाइसेंस दिया जावे, किसानों को नए पट्टे जारी किए जाए, किसानों के वर्ष 1990 से 2022 तक किसी कारणवश काटे गए पट्टो को पुनः दिलाई जाए, किसानों को अफीम का रकबा यानी क्षेत्रफल समान रूप से बराबर दिया जाए एवं सभी किसानों को अफीम लाइसेंस ऑनलाइन दिया जाए, अफीम किसानों को अफीम तौल केंद्र पर ही अफीम जांच का अंतिम परिणाम दिलाया जाए एवं किसानों को अफीम फसल बुवाई के 40 दिनों के अंदर गिरदावरी कार्य पूर्ण कराने सहित कई मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा इस मौके पर तहसील अध्यक्ष चंपा लाल गुर्जर, तहसील प्रभारी रुपेश कुमार तुसावड़ा, मंत्री शंकर लाल सेन, युवा अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, भंवर लाल मेनारिया, मनोहर जाट गुड्डा, भगवती लाल मेनारिया सहित कई किसान उपस्थित थे।

### करोड़ों की वित्तीय स्वीकृति जारी

**भीम,** (निसं)। विधायक सुदर्शन सिंह रावत के अथक प्रयासों से एवं राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के द्वारा सार्वजनिक निर्माण विभाग में विधानसभा क्षैत्र भीम देवगढ़ को 10 करोड़ की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। जिसमें की ज्ञानगढ़ थाना से एन.एच 8 तक 2.50 करोड़, लाम्बोड़ी से गुड़ा चाट वाया कालागुमान 75 लाख, सर्म्पक सड़क मदारिया 35 लाख, सर्म्पक सड़क माद 85.50 लाख, सर्म्पक सड़क बिलियावास 30 लाख, कुंवाथल से सालियों का खेड़ा वाया बगतपुरा 60 लाख, सर्म्पक सड़क कालेसरिया 33 लाख, एन.एच 8 लाखागुड़ा वाया नाबरी तक 30 लाख, ताल लसानी से कालागुन 52.50 लाख, छापली से ढाणा 15 लाख, एन.एच 8 बली से बांदघाटी आड़ावाला 22.50 लाख, देवगढ़ से सामरनाका वाया बीड देवगढ़ तक 45 लाख, ताल लसानी से ईशरमण्ड तक 85.75 लाख, कालेटरा से उंडावासन सड़क 26.25 लाख, एन.एच 8 से ठीकरवास वाया मियाला 30 लाख, दिवेर से उमराज ब्लॉक बाउंड्री वाया तपालों का खेड़ा 45 लाख, सर्म्पक सड़क ठीकरवास कला 37.50 लाख, मियालाखेत चौराया से बड़ों की रेल 45 लाख जिससे की आमजन के आवागमन में होने वाली परेशानीयों व दुर्घटनाओं से निज्ञात मिलेगी। तथा विधायक रावत ने विधानसभा भीम देवगढ़ में पिछले 15 वर्षो से बदहाल एवं खस्ता पड़ी सड़कों के सुदृढ़ीकरण चौड़ाई एवं नवीनीकरण की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने के लिए विधायक रावत ने मुख्यमंत्री सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री का हार्दिक आभार एवं प्रकट किया।

### रिक्त पद भरने की मांग

**बांसवाडा,** (निसं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ईकाई ने मामा बालेश्वर दयाल राजकीय पीजी महाविद्यालय कुशलगढ में प्राचार्य सहित विभिन्न विषयों के व्याख्याताओं के रिक्त पदों को शीघ्र भरने की मांग को लेकर जिला सहसंयोजक कान्तिलाल गरासिया के नेतृत्व में उपखण्ड अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, जिला कलेक्टर को ज्ञापन भेजा। विद्यार्थी परिषद् के कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय में रिक्त पदों को शीघ्र नहीं भरने पर आगामी समय में आंदोलन की चेतावनी भी दी है। ज्ञापन देने वालों में पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष दिलीप भाभोर, पूर्व प्रांत कार्यकारणी सदस्य उदय सिंह अड, तहसील सह संयोजक प्रकाश मईडा, छात्र नेता हेमेंद्र निहरता, विकेश कटारा, राजेश चरपोटा, विनोद रावत, सुनील कटारा, राहुल मईडा, सुनील चरपोटा, अंकित निहरता, श्रवण रावत, अजमल मईडा, जीतमल भुरिया, उदय सिंग झोडिया, प्रताप बारिया, सुभाष डिंडोर, उदय सिंह रावत सहित अन्य विद्यार्थी, परिषद् के कार्यकर्त्ता प्रमुख रहे।

### विशेष ग्राम सभाएं आज

**बांसवाडा,** (निसं)। राज्य सरकार की ओर से आज बुधवार को विशेष ग्राम सभा का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। इस विशेष ग्राम सभा में राष्ट्र हित के विभिन्न कार्यक्रमों पर चर्चा कर उचित कार्यवाही की जाएगी। राज्य के ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के शासन सचिव नवीन जैन द्वारा जारी पत्र के अनुसार जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेश बुनकर ने समस्त विकास अधिकारियों को विशेष ग्राम सभा का आयोजन करने के निर्देश दिये हैं। ग्राम सभा में 13 से 15 अगस्त के मध्य प्रत्येक घर एवं प्रत्येक प्रतिष्ठान पर तिरंगा फहराने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा कार्यक्रम संबंधी जानकारी से ग्रामीणों को जागरूक करने तथा कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में समीक्षा की जाएगी।

### बैठक आज

**बांसवाडा,** (निसं)। राज्य के वरिष्ठ नागरिको को देश के चयनित निर्दिष्ट धार्मिक स्थानों के लिए वरिष्ठ तीर्थ यात्रा योजना के अन्तर्गत रेल मार्ग, हवाई मार्ग से तीर्थ यात्रा करवाने के लिए जिला स्तर पर लॉटरी द्वारा चयन करने के लिए आज बुधवार को अपरान्ह 4 बजे जिला कलक्ट्रेट परिसर स्थित राजीव गांधी सेवा केन्द्र में बैठक होगी। जिला कलक्टर प्रकाशचंद्र शर्मा ने सभी संबंधितों को उक्त बैठक में निर्धारित समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिये हैं।

### पीएमओ राठौड़ का किया स्वागत

बांसवाडा, (निसं)। भारतीय राष्ट्रीय युवा परिषद् के प्रतिनिधि मंडल ने महात्मा गांधी चिकित्सालय के नवनियुक्त प्रमुख चिकित्साधिकारी डॉ. खुशपाल सिंह राठौड का स्वागत किया। परिषद् के प्रतिनिधियों ने कहा कि युवा चिकित्सक के पद संभालने से चिकित्सालय की व्यवस्थाओं में आमूलचुल परिवर्तन आयेगा। इस अवसर पर संभाग अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह चौहान, पार्षद सज्जन सिंह राठौड, जिला उपाध्यक्ष निलेश सेवक, केसरीसिंह टामटिया, कल्पेश कलाल, जिला सचिव जलज जोशी, गिरीश सुथार आदि मौजूद रहे।

### उदयपुर में सात कोरोना पॉजीटिव

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर जिले में मंगलवार को मिली 398 जांच रिपोर्ट्स में 7 कोरोना संक्रमित पाए गए। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश खराडी के अनुसार मंगलवार को मिली 398 जांच रिपोर्ट्स में से सात कोरोना संक्रमित पाए गए। इनमें 6 शहरी क्षेत्र से तथा एक ग्रामीण इलाके से है। एक्टिव रोगियों की संख्या 69 हो गई है जो सभी होम आइसोलेशन में है।

### छात्रसंघ चुनाव को लेकर चर्चा

**बांसवाडा,** (निसं)। भील प्रदेश विद्यार्थी मोर्चा की कागदी पिकअप वियर पर हुई बैठक में छात्रसंघ चुनाव को लेकर चर्चा की गई। वक्ताओं ने सभी महाविद्यालयों में बीपीवीएम का पैनल उतारने का संकल्प जताया। इस अवसर पर प्रो. मणिलाल गरासिया, जिला संयोजक संजय मईडा, परमेश राणा, जिला महासचिव कैलाश निनामा, छात्र नेता देवेंद्र मकवाना, प्रमोद डामोर, अरविंद गरासिया, वीरू निनामा, रितेश निनामा, जिला मीडिया प्रभारी कमलेश चरपोटा आदि मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने फ्लेगशिप योजनाओं की समीक्षा कर निर्देश दिये

**उदयपुर,** (कासं)। जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने मंगलवार को जिला परिषद सभागार में तीन महत्वपूर्ण बैठकें ली और अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। कलेक्टर मीणा ने राज्य सरकार की फ्लेगशिप योजनाओं की समीक्षा के साथ-साथ बीस सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा तथा मुख्यमंत्री क्षेत्रीय विकास योजना की समीक्षा बैठक भी ली। इस दौरान उन्होंने एक-एक विभाग की फ्लेगशिप योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को इनका पूरा-पूरा लाभ पात्र लोगों को देने के निर्देश दिए।

■ कलेक्टर ने इस दौरान सीडीईओ से नहीं जुडे 11 हजार बच्चों की सूची मांगी



उदयपुर में जिला परिषद सभागार में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों से चर्चा करते जिला कलेक्टर।

बैठक में शिक्षा विभागीय समीक्षा दौरान कलेक्टर ने ड्राप आउट विद्यार्थियों के मामले में गंभीरता दिखाते हुए कहा कि विद्यार्थियों को स्कूलों से जोडना ही काफी नहीं, उन्हें सत्रांत तक बनाये रखना जरूरी है। कलेक्टर ने इस दौरान सीडीईओ से नहीं जुडे 11 हजार बच्चों की सूची मांगी और सूची उपलब्ध न होने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई और कहा कि 28 जुलाई तक हर हाल में ब्लॉक और गांव वार बच्चों की सूची उपलब्ध करावें तथा शत प्रतिशत बच्चों को स्कूलों से जोडें। उन्होंने पालनहार योग्य बच्चों को योजना से जोडने तथा 28 तक संस्था प्रधानों से कोई भी पात्र बच्चा नहीं लाभ देने से वंचित न रहने का प्रमाण पत्र भी लेने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिले में संचालित विभिन्न फ्लेगशीप योजनाओं की समीक्षा करते हुए उनकी प्रगति पर चर्चा की और सरकार की मंशा के अनुरूप इन योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए हर जरूरतमंद व पात्र व्यक्ति को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन की भी समीक्षा हुई। बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों से बीसूका की प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए बीस सूत्री कार्यक्रमों के तहत विभिन्न विभागों को आवंटित लक्ष्यों तथा बजट घोषणाओं की प्रगति जानी और कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री क्षेत्रीय विकास योजना की समीक्षा की गई। कलक्टर ने मुख्यमंत्री की बजट घोषणा 2022-23 के तहत जारी की गई इस योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ इसके प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में जिला परिषद एवं अन्य महत्वपूर्ण विभागों के माध्यम से क्षेत्र विशेष की भौगोलिक, आर्थिक एवं सामाजिक भिन्नताओं को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक, सामाजिक व आधारभूत ढांचागत विकास एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी प्रयास करने के निर्देश दिए। इस मौके पर जिला परिषद सीईओ मयंक मनीष ने मुख्यमंत्री क्षेत्रीय विकास योजना के तहत भेजे जाने वाले प्रस्तावों के बारे में जानकारी दी वहीं एनआईसी के मजहर हुसैन, डीओआईटी की शीतल अग्रवाल ने विभागीय पोर्टल की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया।

### 15 को पट्टे दिये

**बांसवाडा,** (निसं)। नगर पालिका कुशलगढ की ओर से प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत वार्ड 4 और 5 का शिविर वागडियाफला स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया। जिसमें 15 लोगो को पट्टे वितरित किये गए वहीं 6 नामान्तरण, 3 मृत्यु प्रमाण-पत्र, 2 पेंशन के प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

शिविर के दौरान वार्ड 5 की पार्षद प्रेमलता ने उपखण्ड अधिकारी कल्पित शिवरान को ज्ञापन सौंपकर नगर क्षेत्र में ई-मित्र द्वारा अधिक शुल्क वसूलने की शिकायत करते हुए ई-मित्र संचालकों को रेट लिस्ट लगाने के लिए पाबंद करने की मांग की। इस पर उपखण्ड अधिकारी ने जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# गीतांजली में वर्ल्ड आईवीएफ-डे मनाया

**उदयपुर,** (कासं)। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में हर्षोल्लास के साथ वर्ल्ड आई.वी.एफ डे मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान गीतांजली आई.वी.एफ सेंटर के द्वारा 2014 से जन्मे बच्चे व उनके परिवार शामिल हुए।

गीतांजली ग्रुप के कार्यकारी निदेशक अंकित अग्रवाल, गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के डीन डॉ नरेन्द्र मोगरा, डॉ जी.एल डाड, मेडिकल सुप्रीटेनडेंट डॉ कर्नल सुनीता दशोत्तर, फर्टिलिटी एंड आई.वी.एफ सेंटर एच.ओ.डी डॉ. पूजा गांधी स्त्री व प्रसूति रोग विभाग के एच.ओ.डी डॉ अरुण गुप्ता व टीम, हृदय शल्य चकित्सा विभाग के एच.ओ.डी डॉ संजय गाँधी, शिशु व बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ देवेन्द्र सरीन, निओनेटोलोजिस्ट डॉ सुशील गुप्ता, अन्य विभागों के एच.ओ.डी, बच्चों व उनके परिवार वालों ने केक कटिंग करके चेहरों पर मुस्कान ने साथ इस दिन को मनाया गया।



गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में वर्ल्ड आई.वी.एफ डे मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चे व उनके परिवार शामिल हुए।

# पिम्स हॉस्पिटल में बच्चे के हाथ की सर्जरी कर बनाया नया अंगूठा

**उदयपुर,** (कासं)। पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइसेंज पिम्स हॉस्पिटल, उमरडा में चिकित्सकों ने एक बच्चे के हाथ की सर्जरी कर नया अंगूठा लगाया है। पिम्स हॉस्पिटल के चेयरमैन आशीष अग्रवाल ने बताया कि प्रतापगढ निवासी आठ वर्षीय बच्चे को गत दिनों भर्ती किया गया जिसके हाथ में जन्म से केवल अंगुलिया थी, अगूंठा नहीं था। इसे मेडिकल भाषा में रेडियल क्लब हेंड वीथ हाइपोप्लास्टिक थंब कहते हैं। इस कारण बच्चे को कुछ भी वस्तु पकडने व हाथ से काम करने में बडी परेशानी आती थी। पिम्स हॉस्पिटल के हेण्ड व माइक्रो वेस्कुलर सर्जन डॉ. योगेश कुमार शर्मा ने बच्चे के हाथ की चार अंगुलियों में से पहली अंगुली से अंगूठा बनाया। बच्चा अब पूर्णत स्वस्थ है और तीन अंगुलियों व अंगूठे से काम करने में सक्षम है। ऑपरेशन में डॉ. शर्मा के साथ शिशु व बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. विवके पाराशर, निश्चेतना विभाग के डॉ. पिनु राणावत व टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइसेंज पिम्स हॉस्पिटल, उमरडा में चिकित्सकों ने बच्चे के हाथ की सर्जरी कर नया अंगूठा लगाया है।

### दीवारों में दौड़ रहा करंट

**राजसमंद,** (निसं)। सांगठकलां गांव के परमारों की भागल में बिजली पोल पर लगी विद्युत कैबल काफी पुरानी होने के कारण कैबल के उपर लगा प्लास्टिक के खराब हो जाने से बारिश में कैबल में होने वाले विद्युत शॉर्ट सर्किट से गुल होती बिजली से ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। वहीं खराब विद्युत कैबल के कारण घरों की दीवारों में भी विद्युत प्रवाह प्रवाहित होने के कारण कई लोगों को करंट के झटके लग चुके है। यहीं नहीं विद्युत पोल के नीचे से गुजरने वाले मवेशियों एवं जनवरों को भी करंट लग चुका है और कई जानवर करंट की चपेट में आने से अपनी जान गवां चुके हैं। स्थानीय ग्रामीण देवेंद्रसिंह, लहरसिंह, सज्जनसिंहए रामसिंह ने बताया कि खराब विद्युत कैबल को बदलने के लिए कई बार बिजली निगम के अधिकारियों को शिकातय की।

# बनास से पानी की लगातार आवक

**राजसमंद,** (निसं)। इस वर्ष सावन मास में इस वर्ष प्रदेश में मानसून मेहरबान बना हुआ है। पिछले तीन दिनों से राजसमंद जिलें में जिला मुख्यालय सहित जिले भर के कई क्षेत्रों में अच्छी बारिश हुई है। वहीं कम भराव क्षमता वाले कई छोटे जल स्त्रोत भी छलक चुके हैं। हालांकि राजसमंद झील में अभी पानी की आवक नहीं हुई है। बाघेरी नाका बांध भी छकलने की कगार तक पहुंचने के इंतजार में है। बाघेरी नाका परियोजना के सहायक अभियंता आलोक सक्सेना ने बताया कि बाघेरी नाके में अब तक कुल 26.40 फीट पानी की आवक हुई है, अब महज 6.60 फीट खाली है। बनास नदी में लगातार पानी की आवक होने के कारण रात में बांध की छलकने की संभावना है। ईधर, गौमती नदी में अभी तक पानी की आवक नहीं हुई है। जिला कलक्ट्रेट में स्थापित आपदा नियंत्रण कक्ष प्रभारी अधिकारी आपदा नियंत्रण कक्ष जिला कलक्ट्रेट कार्यालय ने बताया कि 26 जुलाई को प्रातः 8 बजे समाप्त हुए 24 घण्टों के दौरान जिले में औसत 38.36 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। जबकि 1 जून से अब तक जिले में 341.09 मिमी व 1 जनवरी से अब तक 353.09 मिमी बारिश दर्ज की गई।

# राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल मशाल यात्रा को हरी झंडी दिखाई

**भीम,** (निसं)। कस्बे के पाटिया स्थित राजीव गांधी स्टेडियम खेल में मंगलवार को विधायक सुदर्शनसिंह रावत ने राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद् जयपुर के निर्देशानुसार जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र राजसमन्द के तत्वाधान में राजीव गांधी ग्रामीण ऑलम्पिक खेल की मशाल रथ यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

उपखंड अधिकारी उम्मेद सिंह राजावत, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार शर्मा, पुलिस उप अधीक्षक राजेंद्र सिंह राठौड़, तहसीलदार राजीव बडगूजर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमर सिंह, पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी विजेंद्र सिंह शेखावत, जिला खेल अधिकारी चांद खान, जिला कोऑर्डिनेटर सुनील दाधीच, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर गोविंद प्रसाद, पीटीआई चेनसिंह, पीटीआई आदि के सानिध्य में आयोजित हुआ।आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक सुदर्शनसिंह रावत ने कहा कि प्रदेश की गहलोत सरकार गांवों की उन प्रतिभाओं को उचित मंच, सुविधाए एवं संसाधन उपलब्ध करा रही है। जिनकी प्रतिभाए सुविधाए एवं उचित मंच के अभाव में छिपी रहती है। जिसके माध्यम से गांवों की खेल से जुडी प्रतिभाएं अपना बेहतर प्रदर्शन कर राज्य राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान ले सके। रावत ने कहा कि प्रदेश युवा खेल मंत्री अशोक चांदना स्वय एक अच्छे खिलाड़ी एवं खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रहे हैं। यही कारण है कि राज्य सरकार के द्वारा इस प्रकार के आयोजन हो रहे है। राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल ब्लॉक कोऑर्डिनेटर शारीरिक शिक्षक गोविन्द प्रसाद भाट ने बताया कि भीम ब्लॉक के सभी आयु वर्ग में नौ हजार खिलाड़ियों का पंजीयन हो चुका है एवं 31 जुलाई तक पंजीयन जारी रहेगा तथा कार्यक्रम का विस्तार से प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। शारीरिक शिक्षक चैनसिंह ने बताया कि कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, शूटिंग बॉल, हॉकी, टेनिस क्रिकेट आदि खेलों की प्रतियोगिता 29 अगस्त से प्रारंभ होगी।




भीम कस्बे के पाटिया स्थित राजीव गांधी स्टेडियम खेल में राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल की मशाल रथ यात्रा को विधायक सुदर्शनसिंह रावत ने ( बीच में ) हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

# 'पद सृजन से शैक्षणिक व प्रशासनिक ढांचा मजबूत होगा'

**उदयपुर,** (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष गिरिराज शर्मा प्रदेश मीडिया प्रभारी राव गोपाल सिंह आसोलिया प्रदेश उपाध्यक्ष भारत भूषण जोशी ने हाल ही में राजस्थान सरकार द्वारा उप प्राचार्य के 12421 पदों की वित्तीय स्वीकृति जारी की है जिससे राजस्थान के विद्यालयों में शैक्षिक एवं प्रशासनिक ढांचा मजबूत होगा।

एकीकृत के प्रदेश मीडिया प्रभारी राव ने बताया कि संगठन द्वारा पिछले वर्ष मांग की थी कि पीईईओ प्रधानाचार्य पर बढते कार्यभार के चलते एक और अतिरिक्त प्रधानाचार्य का पद स्वीकृत किया जावे जिसे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं शिक्षा मंत्री डॉ. बी डी कल्ला द्वारा स्वीकार करते हुए संपूर्ण राजस्थान के लिए 12421 पदों की वित्तीय स्वीकृति जारी की यह सभी पद पदोन्नति से भरे जाएंगे जिससे अनुभवी उप प्राचार्य विद्यालयों को प्राप्त हो सकेंगे एवं विद्यालयों में शैक्षिक एवं प्रशासनिक माहौल में सुधार होगा हालांकि इनकी वेतनमान रु 14 रखा गया है जो कि पर्याप्त नहीं है। इन्हें भी प्रधानाचार्य के समकक्ष रु 16 का वेतनमान दिया जाना अपेक्षित था। इसके साथ ही सरकार से अपेक्षा है कि विद्यालय में भौतिक संसाधन एवं कंप्यूटराइज आईसीटी लैब इत्यादि का भी आधुनिकीकरण कर पर्याप्त उपकरण एवं साधन उपलब्ध करावे ताकि अभिभावकों का ध्यान निजी विद्यालयों से मोह भंग होकर सरकारी विद्यालयों की ओर बढ सके।

## सार-समाचार

### अवैध विस्फोटक सहित एक गिरफ्तार



**डूंगरपुर,** (निसं)। साबला पुलिस ने अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री रखने व बेचने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार अवैध खनन की रोकथाम को लेकर चलाये जा रहे अभियान के तहत साबला पुलिस ने बोडीगामा करियाणा मार्ग पर मुखबीर की सूचना पुख्ता होने पर प्रेमलाल पुत्र प्रताप मीणा निवासी टेकन थाना भीण्डर जिला उदयपुर के कब्जे से 45 डिटोनेटर व 38 जिलेटिन तथा 10 जिलेटिन गुल्ले आधे किए हुए बरामद किये है। आरोपी द्वारा अपने पास उक्त सामग्री रखने व बेचने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही जारी है।

### अवैध खनन पर कार्रवाई



**डूंगरपुर,** (निसं)। साबला थाना पुलिस ने क्षेत्र में अवैध रूप से क्वार्टज पत्थर खनन करते हुए क्वार्टज पत्थर, ट्रेक्टर मय कम्प्रेशर को जब्त कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक के दिये गये निर्देशों के तहत साबला पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर आसपुर क्षेत्र के बोडीगामा छोटा फला टेम्बा में क्वार्टज पत्थर निकालने की सूचना पर पुलिस दल ने दबिश देकर एक स्वराज 725 एफ.ई.कम्प्रेशर लगा हुआ बिना नम्बरी ट्रेक्टर क्वार्टज पत्थर खदान करते हुए पाया गया। जिसे पत्थरों के साथ डिटेन कर अग्रिम कार्यवाही हेतु सहायक अभियंता सलूम्बर को सूचना दी गई। पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही जारी है।

### युकां ने किया प्रदर्शन

**बांसवाडा,** (निसं)। जिला युवा कांग्रेस के आव्हान पर युकां तहसील इकाई की ओर से पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय के सामने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को ईडी द्वारा पूछताछ किये जाने के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर विधायक एवं जनजाति आयोग उपाध्यक्ष रमीला खडिया ने कहा कि सत्य को आवरण की जरुरत नहीं है और न ही उसे दबाया या झुकाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ईडी के बहाने के कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी को परेशान कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र के खिलाफ चलने वाली बीजेपी के खिलाफ देशभर में सत्याग्रह किया जा रहा है। इस अवसर पर युकां जिलाध्यक्ष प्रकाश मईडा ने कहा कि केन्द्र की कायर मोदी सरकार अघोषित आपातकाल लगाकर साबित कर रही है कि राहुल गांधी और कांग्रेस के सत्याग्रह से मोदी सरकार हिल गयी है। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी एडवोकेट महेश कटारा ने कहा कि मोदी सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ देश में आंदोलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की तोता बनी एजेन्सियों के माध्यम से कांग्रेस नेताओं के विरुद्ध जो अभियान चला रखा है देश उसे कभी माफ नहीं करेगा। जिला आयोजन समिति के सदस्य रजनीकांत खाबिया ने कहा कि मोदी सरकार के तानाशाही रवैय्ये के कारण लोकतंत्र खतरे में है। सभा को सज्जनगढ उपप्रधान मांगीलाल नायक, युवा नेता अरविंद डामोर, ब्लॉक अध्यक्ष महिपाल डामोर, सोहनलाल देवदा, घाटोल ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत मईडा, पूर्व पालिका अध्यक्ष राघवेश चरपोटा, विधानसभा अध्यक्ष अजय मछार ने भी संबोधित किया।

### क्रमोन्नत स्कूल का किया लोकार्पण

**डूंगरपुर,** (निसं)। पंचायत समिति बिछीवाडा के ग्राम पंचायत आमझरा में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नलाफला को उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत करने पर मंगलवार को डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा ने लोकार्पण किया। डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा ने संबोधित करते हुए कहा कि नलाफला एवं उसके आसपास में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को अब नेशनल हाईवे पार करके आमझरा स्कूल में नहीं जाना पडेगा गांव में उच्च शिक्षा प्राप्त करेंगे एवं अधिक से अधिक बालिकाएं अध्ययन कर सकेगी। उन्होंने विधायक मद से दो कक्षा-कक्ष देनी की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए शिक्षा विभाग एवं टीएडी विभाग से स्कूटी वितरण में भाग लेकर लाभ प्राप्त करने के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर प्रधान देवराम रोत, उप प्रधान लालशंकर पडवाला, सरपंच नानालाल भगोरा आमझरा, शंकरलाल अहारी करहेलमाता, जितेन्द्र डोडा बोखला, जिला परिषद सदस्य पार्वती डोडा, पंचायत समिति सदस्य आशा डामोर, समाज सेवी केवलराम कोटेड, उप सरपंच धनपाल अहारी, हाजु देवी, चम्पा परमार, गोविन्द भगोरा वार्ड पंच एवं जीवतराम, शांतिलाल अहारी, देवीलाल परमार, शांतिलाल भगोरा व ग्रामीण व कर्मचारी मौजूद रहे।

### हजारों के उपकरण चोरी

**डूंगरपुर,** (निसं)। गत रात्रि में चितरी थाना क्षेत्र में थाने से महज कुछ ही दूरी पर एक फोटो स्टूडियो की दूकान के निशाना बनाते हुए हजारो रूपयों के उपकरणों को पार कर ले गये। चोर स्टूडियो के शटर का ताला तोडकर स्टूडियो में रखी 2 एलईडी, प्रिंटर, सीपीयू और कैमरा सहित अन्य सामान चुरा ले गए है। फोटो स्टूडियो मालिक की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शूरू कर दी है। चोरी की वारदात से व्यापारियों में आक्रोश है। चितरी थानाधिकारी ने बताया कि सागवाडा निवासी अखिल पुत्र राजेन्द्र सोमपुरा की चितरी थाना क्षेत्र के बडगी में फोटों स्टूडियो की दुकान है। सोमवार रात्रि को अखिल सोमपुरा स्टूडियो को बंद करके घर गया। वहीं, मंगलवार सुबह जब अखिल सोमपुरा वापस बडगी अपने स्टूडियो पर पहुंचा तो देखा कि स्टूडियो के शटर का ताला टुटा हुआ है, जिस पर उसे चोरी का अंदेशा हुआ। अखिल ने शटर ऊंचा करके अंदर देखा तो स्टूडियो में सामान बिखरा हुआ था। चोर स्टूडियो में रखी 2 एलईडी, प्रिंटर, सीपीयू और कैमरा सहित अन्य सामान चुरा ले गए है। जिस पर पीडित स्टूडियो मालिक अखिल सोमपुरा ने मामले की सूचना चितरी थाना पुलिस को दी। सूचना पर स्टूडियो पर आसपास के व्यापारियों की भीड लग गई।

### भीम में एक दिवसीय शिविर आज

**राजसमंद,** (निसं)। राज्य सरकार द्वारा संचालित शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत भीम ब्लॉक मुख्यालय के तेरापंथ भवन में बुधवार को जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक दिवसीय शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें खाद्य लाईसेंस एवं रजिस्ट्रेशन के आवेदन हाथों-हाथ लेकर जारी किए जाएंगे। सीएमएचओ डॉ. प्रकाशचन्द्र शर्मा ने बताया कि राज्य खाद्य सुरक्षा एवं औषधी प्रसाधन आयुक्त सुनिल शर्मा द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार व्यापारियों को अनावश्यक कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पडे तथा व्यापारियों को नजदीक में ही लाईसेंसे एवं रजिस्ट्रेशन की सुविधा प्राप्त हो इसके लिए राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक उपखण्ड स्तर पर विभाग की ओर से शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी शशिकांत शर्मा एवं अन्य कार्मिक अपनी सेवाएं देंगे।

### संपतलाल नौलखा संयोजक

राजसमंद, (निसं)। दौलतगढ स्थित तेरापंथ सभा भवन में विराजित शासनश्री मुनि हर्षलाल स्वामी एवं सहवर्ती मुनि आनंद कुमार कालू के सानिध्य में तेरापंथ सभा अध्यक्ष छीतरमल दुगड ने संपतलाल नौलखा को संयोजक, सुमित्रा देवी नौलखा को मुख्य प्रशिक्षिका तथा मधु देवी रांका को सह संयोजिका घोषित किया। इस अवसर पर सभा उपाध्यक्ष पारसमल नौलखा, मंत्री हस्तीमल नौलखा, कोषाध्यक्ष ललित नौलखा, रतनलाल रांका, गौतम रांका सहित श्रावक-श्राविकाए मौजूद थे।

# नाहरगढ़ बायो पार्क से लापता शेरनी 'सृष्टि' दो दिन बाद एंक्लोजर में घूमती नजर आई

- रविवार शाम से सफारी में सिर्फ शेर त्रिपुर ही दिख रहा था, घास में ही छिपी थी शेरनी
- 'सृष्टि' को देखने के बाद वन विभाग की टीम ने राहत की सांस ली, क्योंकि आबादी में घुसने का डर था

**जयपुर** (कासं)। नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क की इकलौती शेरनी 'सृष्टि' दो दिन बाद एंक्लोजर में ही घूमती नजर आ गई है। इसके बाद वन विभाग ने राहत की सांस ली है।

सीनियर वन्यजीव चिकित्सक डॉ. अरविंद माथुर ने बताया कि 'सृष्टि' के लापता होने की खबर फैलने के बाद वन विभाग की टीमें 36 हेक्टेयर में फैले नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में तलाश करने में जुटी थी। बताया जा रहा है कि यहां बड़ी-बड़ी घास उगी हुई थी, इसी के बीच शेरनी छिपी हुई थी। अब इसे देख लिया गया है। उधर नाहरगढ़ बायो पार्क से शेरनी के गायब होने की जानकारी मिलने के बाद से शहर से लगते कई क्षेत्रों में डर का माहौल बना हुआ था।

दरअसल 3 वर्षीय शेरनी 'सृष्टि' के गायब होने के कारण वन विभाग परेशान था। क्योंकि बारिश की वजह से फेंसिंग क्षेत्र में कई बार मिट्टी ढहने से दीवार टूटने के साथ ही जमीन में गड्ढा हो जाता है। ऐसे में अगर सृष्टि वन क्षेत्र से बाहर निकल जाती तो बड़ी अनहोनी की संभावना थी। क्योंकि बायोलॉजिकल पार्क के नजदीक ही आमेर, सिस्यावास, कुंडा और कूकस का घनी आबादी क्षेत्र है।

बताया जा रहा है कि बायोलॉजिकल पार्क की लॉयन सफारी में शेरनी सृष्टि को शेर त्रिपुर के साथ रखा गया था। बीते 30 घंटे से त्रिपुर अकेला ही सफारी में नजर आ रहा था। इसके बाद रविवार देर शाम से ही वन विभाग की टीम ने सृष्टि की खोजबीन तेज कर दी थी।

ज्ञात रहे कि 'सृष्टि' को एनिमल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत डेढ़ साल पहले गुजरात के जूनागढ़ से जयपुर लाया गया था। तब से सृष्टि जयपुर के नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क की शान बनी हुई है। सृष्टि बायोलॉजिकल पार्क की इकलौती शेरनी है, इस कारण इसे शेर त्रिपुर के साथ जोड़ी बनाकर लॉयन सफारी में रखा गया है।



राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंगलवार दोपहर राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। मिश्र ने मुर्मू को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें राजभवन में बन रहे संविधान पार्क और संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता के लिए राजभवन स्तर पर किए जा रहे नवाचारों की जानकारी दी।

# सुबह प्रदेश कांग्रेस ने किया मौन सत्याग्रह, तो शाम को निकाला कैंडल मार्च

- डोटासरा ने राजस्थान में भी केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का कुचक्र शुरू होने की आशंका जताई

**जयपुर**, (का.प्र.)। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से ईडी की पूछताछ के विरोध में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में कांग्रेस ने जयपुर के शहीद स्मारक पर सुबह जहां मौन सत्याग्रह किया वहीं शाम को कैंडल मार्च निकालकर केंद्र सरकार की ओर से केंद्रीय एजेंसियों के बेजा इस्तेमाल के खिलाफ विरोध जताया। हालांकि दोनों ही समय में प्रदेश कांग्रेस का नेतृत्व होने के बावजूद भीड़ उतनी नहीं हो पाई जितनी 21 जुलाई को ईडी ऑफिस पर प्रदर्शन के दौरान हुई थी।

शहीद स्मारक पर मोन सत्याग्रह के बाद मीडिया से बात करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि जहां-जहां चुनाव होने हैं। वहां इनका केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से सत्ता के दुरुपयोग का कुचक्र शुरू हो जाता है। जिस तरीके से देश में सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग चल रहा है।





कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से ईडी की पूछताछ के विरोध में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में जयपुर के शहीद स्मारक पर मौन सत्याग्रह किया गया।

उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि जल्दी से जल्दी मोदी जी और अमित शाह राजस्थान में भी पूरी प्लानिंग के साथ केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का कुचक्र राजस्थान में चलाने जा रहे हैं, लेकिन हम इनसे डरने वाले नहीं, हम इनका बिना घबराए स्वागत करेंगे। डोटासरा ने कहा कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी या इस देश का कोई भी नागरिक भाजपा और आरएसएस से डरने वाला नहीं है। न तो हम लोग टूटने वाले हैं। न झुकने वाले हैं। चाहे ईडी ले आए या सीबीआई ले आएं लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं। हम सोनिया गांधी और राहुल गांधी के नेतृत्व में इस कांग्रेस के सच्चे सिपाही की तरह अंतिम दम तक लड़ेंगे। इससे पहले सोनिया गांधी से ईडी की पूछताछ के खिलाफ राजधानी में कांग्रेस ने चार घंटे तक शहीद स्मारक पर सत्याग्रह किया। सत्याग्रह में मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास, हेमाराम चौधरी, टीकाराम जुली,परसादी लाल मीणा, भजनलाल, रामलाल जाट के अलावा कांग्रेस विधायक इंद्राज गुर्जर सहित कई नेता मौजूद रहे। हालांकि गर्मी और उमस के चलते मंत्री पूरे समय रुकने के बजाय एक-एक कर निकलते रहे। ऐसे में अंत में सिर्फ तीन मंत्री ही सत्याग्रह में रुके रहे।

## स्थानांतरण आदेश पर रोक लगाई

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान सिविल सेवा अपीलीय अधिकरण ने कार्य व्यवस्था के तहत स्थानांतरण को अनुचित मानते हुए रोक लगा दी है। इसके साथ ही आपदा प्रबंधन एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के सचिव व निदेशक आपदा प्रबंधन से जवाब तलब किया है।

उल्लेखनीय है कि इंद्र मल ने अपने अधिवक्ता डीपी शर्मा के माध्यम से याचिका प्रस्तुत कर निवेदन किया कि प्रार्थी सीनियर स्टाफ ऑफिसर के पद पर कार्यरत है। यह पद राजस्थान में निदेशालय के अलावा अन्य कहीं नहीं है। प्रार्थी का स्थानांतरण जिला कलेक्टर कार्यालय कोटा में किया गया जहां पर प्रार्थी से निम्न पद स्वीकृत है। प्रार्थी का स्थानांतरण कार्य व्यवस्था के तहत किया गया। ऐसा किया जाना अनुचित है। यह स्थानांतरण बिना विवेक किया है क्योंकि प्रार्थी को किस पद पर लगाया गया है, अंकित नहीं है। इस संबंध में प्रार्थी का तर्क था कि राजस्थान उच्च न्यायालय ने डॉ. कैलाश गुर्जर के मामले में भी कार्य व्यवस्था के तहत स्थानांतरण को अनुचित माना क्योंकि इसके तहत कर्मचारी जॉइनिंग टाइम व अवकाश से वंचित हो जाता है। मामले की सुनवाई के बाद अधिकरण ने स्थानांतरण आदेश पर रोक लगा दी।

# दुष्कर्म मामले में सुखदेव सिंह गोगामेड़ी सहित 11 बरी

- झूठे बयान देने पर महिला को नोटिस जारी

**जयपुर**, (का.सं.)। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-3 महानगर द्वितीय ने सुखदेव सिंह गोगामेडी सहित कुल 11 आरोपियों को विवाहिता को डरा धमकाकर कई बार दुष्कर्म करने के आरोप से दोषमुक्त कर दिया है। अदालत ने कहा है कि आरोपियों के खिलाफ साक्ष्य मौजूद नहीं है। वहीं अदालत ने मामले में पक्षद्रोही होने वाली पीड़िता को नोटिस जारी करने को कहा है।

मामले के अनुसार पीड़िता ने 27 अप्रैल 2016 को संजय सर्किल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें कहा गया कि उसका ससुराल वालों से मतभेद चल रहा है। वहीं सुखदेव सिंह मदद के बहाने उसे सितंबर 2014 में हनुमानगढ़ से जयपुर ले आया। यहां सुखदेव सिंह ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी और दुष्कर्म किया। वहीं पीड़िता को वैशाली नगर के एक पीजी में रखा गया और विक्रम सिंह, श्योपाल सहित अन्य लोगों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। जनवरी 2018 में हाईकोर्ट ने मामले में दर्ज एफआईआर को रद्द करने से भी इनकार कर दिया। मामले में जांच के बाद पुलिस ने सभी को आरोपी मानते हुए अदालत में आरोप पत्र पेश कर दिया। वहीं ट्रायल के दौरान पीड़िता अपने बयानों से मुकर गई और एक महिला पत्रकार के बहकावे में आकर पूर्व में बयान देने की बात कही। इस पर अदालत ने गोगामेडी सहित आरोपी बनाए गए हुकुम सिंह, धर्मा, चेन सिंह, मनोज, सुरेन्द्र सिंह, श्योपाल, विक्रम सिंह, प्रद्युम्न शास्त्री, बहादुर सिंह और आरके चौपड़ा को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया।

# जेडीए का पक्ष भी सुनेगा हाईकोर्ट

- आगरा रोड पर बल्लूपुरा गांव के पास 29 बीघा जमीन के स्वामित्व का है मामला

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने आगरा रोड पर बल्लूपुरा गांव के पास करोड़ों रुपए की 29 बीघा जमीन के 34 साल पुराने मालिकाना हक के मामले में जेडीए को राहत देते हुए उसका पक्ष सुनने की सहमति दी है। वहीं अदालत ने मामले के पक्षकारों को कहा है कि वे आगामी सुनवाई पर अंतिम बहस करें। जस्टिस अशोक गौड ने यह आदेश मामले में जेडीए की ओर से पेश प्रार्थना पत्र को मंजूर करते हुए दिए।

जेडीए की ओर से कहा गया कि मामले में जेडीए का पक्ष सुना ही नहीं गया है, इसलिए अदालत राज्य सरकार बनाम बहादुर सिंह व अन्य मामले में 2 दिसंबर 2014 को दिए आदेश को स्पष्ट करे और उनका पक्ष भी सुने। मामले के अनुसार, 1944 में तत्कालीन जयपुर स्टेट ने बहादुर सिंह को 60 बीघा जमीन आवंटित की थी। वहीं वर्ष 1958 में इसमें से 31 बीघा जमीन ही पंजीकृत हुई और बाकी 29 बीघा जमीन सवाई चक होने के चलते पंजीकृत नहीं हुई। इस दौरान 12 नवंबर 1982 को जेडीए एक्ट लागू हुआ व धारा 54 के तहत जमीन जेडीए की हो गई। कलेक्टर के आदेश से नामांतरण भी जेडीए के नाम खुल गया, लेकिन बहादुर सिंह ने जेडीए को पक्षकार बनाए बिना ही इसके खिलाफ जिला कलेक्टर के यहां खातेदारी अधिकारों के लिए रेवेन्यू दावा किया। उसका दावा 29 दिसंबर 1998 को खारिज हो गया। मामला रेवेन्यू अपीलेट ट्रिब्यूनल में पहुंचने पर ट्रिब्यूनल ने खातेदारों की अपील मंजूर कर उनके नाम पर जमीन का नामांतरण खोलने का निर्देश दिया। इसे चुनौती देने पर रेवेन्यू बोर्ड अजमेर ने 4 अक्टूबर 2002 को राज्य सरकार की अपील खारिज कर दी। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने भी 2 दिसंबर 2014 को रेवेन्यू बोर्ड के फैसले को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की याचिका खारिज कर दी। इस याचिका में जेडीए पक्षकार नहीं था।

## कन्हैया लाल हत्याकांड के आठवें आरोपी को भी जेल

**जयपुर**, (का.सं.)। एनआईए मामलों की विशेष अदालत ने उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड के मामले में गिरफ्तार आठवें आरोपी मोहम्मद जावेद को एक अगस्त तक के लिए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

चार दिन की पुलिस अभिरक्षा की अवधि पूरी होने पर एनआईए की ओर से आरोपी को कडी सुरक्षा के साथ अदालत में बापर्दा पेश किया। एनआईए की ओर से कहा गया कि आरोपी से मामले में पूछताछ पूरी हो गई है और फिलहाल उसके रिमांड की जरूरत नहीं है। इसलिए उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाए। जिस पर एनआईए कोर्ट ने जावेद को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जानकारी के अनुसार कन्हैया लाल की दुकान की गली में ही जावेद की दुकान थी। आरोपी रियाज अत्तारी ने ही उसे कन्हैयालाल की दुकान की रेकी करने के लिए कहा था। घटना वाले दिन कन्हैया ने जब अपनी दुकान खोली थी तो जावेद ने ही इसकी सूचना उन्हें दी। ऐसे में जावेद पर कन्हैया की दुकान की रेकी करने व हत्या के आपराधिक षडयंत्र में शामिल रहने का आरोप है।

## 'ओडीएफ प्लस के लिए सभी का साथ काम करना जरुरी'

**जयपुर**, (का.सं.)। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) राजस्थान के निदेशक संदेश नायक ने जिले की सभी टीमों को एकजुट होकर कार्य करते हुए ओडीएफ प्लस के निर्धारित त्रैमासिक लक्ष्य नियत समय पर अर्जित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए ओडीएफ प्लस के सभी घटकों पर एक साथ कार्य किए जाने की आवश्यकता है। नायक इंदिरा गांधी पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास संस्थान में इस सम्बन्ध में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यशाला में यूनिसेफ के विषय विशेषज्ञ रूषभ हिमानी ने कहा कि ओ.डी.एफ. के इस चरण में समुदाय के व्यवहार में बदलाव हेतु राज्य द्वारा निर्मित आई.ई.सी. टूल किट का उपयोग किया जाना चाहिए। विषय विशेषज्ञ सरोज कान्त चौधरी ने एक गांव में प्रतिदिन उत्पन्न ठोस एवं तरल कचरे के आंकलन की पद्धति की जानकारी दी एवं ग्रामीणों से सहभागिता के आधार पर ही डी.पी.आर. निर्माण करने पर बल दिया।

## "अमृत महोत्सव" समारोह का 15 अगस्त को आयोजन

**जयपुर**। राजनीतिक दलों की सीमाओं से ऊपर उठकर राष्ट्र पहले और आईलव इंडिया थीम पर जयपुर के नागरिकों, विभिन्न समाजिक संगठनों और औद्योगिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में 15 अगस्त को रामनिवास बाग में भारत अमृत महोत्सव समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। मंगलवार को निजी होटल में कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देने के लिए जयपुर के नागरिकों की ओर से बनी भारत अमृत महोत्सव आयोजन समिति के सदस्यों ने प्रेसवार्ता की।

संयोजक और वरिष्ठ पत्रकार गोपाल शर्मा ने बताया कि समारोह में देश के तीनों परमवीर चक्र विजेताओं कैप्टन बाना सिंह, कैप्टन योगेंद्र सिंह यादव और सूबेदार मेजर संजय कुमार समेत पांच महान विभूतियों को आम नागरिकों की ओर से भारत अमृत अलंकरण महोत्सव सम्मान और पांच-पांच लाख रुपए की सम्मान राशि भेंट की जाएगी। शर्मा ने बताया कि जयपुर के नागरिकों की ओर से परमवीरों चक्र विजेताओं कैप्टन बाना सिंह, कैप्टन योगेंद्र सिंह यादव और सूबेदार मेजर संजय कुमार सहित पांच महा विभूतियों को भारत अमृत अलंकरण दिया जाएगा। इसके साथ इन्हें पांच-पांच लाख रुपए की सम्मान राशि भेंट की जाएगी। इनके साथ साथ हम सबके लिए खुशी भरा और दीवानाभरा दिन होगा कि महारानी लक्ष्मी बाई, लोकमान्य तिलक, सुभाषचंद्र बोस, तात्या तोपे, बहादुरशाह जफर, मंगल पांडे, उधम सिंह, रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, महावीर सिंह समेत कई क्रांतिकारियों और राष्ट्रनेताओं के परिजन हमारे बीच होंगे। इनके साथ ही राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से समारोह में उपस्थित करने का आग्रह किया है।

## बीसीसीआई 2025 महिला एकदिवसीय विश्व कप की मेजबानी की बोली लगाने की तैयारी में

नयी दिल्ली, 26 जुलाई। भारत के 2025 में महिलाओं के 50 ओवर के विश्व कप की मेजबानी करने की संभावना है क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी की बोली लगाने की तैयारी में है। अगर भारत की बोली सफल रहती है तो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की यह शीर्ष प्रतियोगिता एक दशक से अधिक समय बाद भारत में वापसी करेगी। भारत ने पिछली बार 2013 में महिलाओं के 50 ओवर के विश्व कप की मेजबानी की थी और तब आस्ट्रेलिया ने मुंबई में फाइनल में वेस्टइंडीज को 114 रन से हराकर खिताब जीता था। आईसीसी का वार्षिक सम्मेलन बर्मिंघम में होना है और इस बैठक के दौरान अगले चक्र में आईसीसी की चार बड़ी महिला प्रतियोगिताओं के लिए बोली स्वीकार की जाएगी।

## लवलीना की कोच संध्या गुरुंग को खेल गांव में प्रवेश मिला


बर्मिंघम, 26 जुलाई। टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज़ लवलीना बोरगोहेन की कोच संध्या गुरुंग को राष्ट्रमंडल खेलों के खेल गांव में प्रवेश मिल गया है। लवलीना ने राष्ट्रमंडल खेलों से तीन दिन पहले 'मानसिक उत्पीड़न' का आरोप लगाते हुए कहा था कि उनकी कोच को खेल गांव में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा रही है। लवलीना ने सोमवार को ट्विटर पर एक पोस्ट साझा करके कहा था , आज मैं बड़े दुख के साथ कहती हूं कि मेरे साथ बहुत उत्पीड़न हो रहा है। हर बार मेरे कोच, जिन्होंने मुझे ओलंपिक में पदक लाने में मदद की, उन्हें हटाकर मेरी ट्रेनिंग में बाधा डाली जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनकी कोच संध्या गुरुंग को खेल गांव में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा रही थी, जबकि उनके दूसरे कोच को वापस भारत भेज दिया गया था।

## चैम्पीयन बने राजेंद्र व राजीव

जयपुर, 26 जुलाई। जयपुर जिला बैड्मिंटन संघ द्वारा एसएमएस स्टेडियम मे आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 45 वर्ष से अधिक आयु की युगल श्रेणी में राजेंद्र शर्मा वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी ने अपने साथी राजीव शर्मा के साथ संघर्ष पूर्ण मुक़ाबले में प्रतिद्वंदी को हराकर स्वर्ण पदक ख़िताब किया अपने नाम किया।

**भारत को बड़ा झटका**

# चोट के कारण राष्ट्रमंडल खेलों से हटे नीरज चोपड़ा



नयी दिल्ली, 26 जुलाई। ओलम्पिक स्वर्ण विजेता और विश्व चैंपियनशिप के रजत विजेता भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने चोट चिंताओं के कारण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों से हटने का फैसला किया है जिससे भारत की इन खेलों में पदक उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। नीरज को अमेरिका के यूजीन में विश्व चैंपियनशिप के दौरान हल्की चोट लगी थी और सोमवार को एम्आरआई स्कैन कराने के बाद उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों से हटने का फैसला किया। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष आदिल सुमारिवाला ने कहा कि नीरज ने महासंघ से भारतीय ओलम्पिक संघ (आईओए) को यह बताने का आग्रह किया है कि वह बर्मिंघम खेलों में भारतीय दल के ध्वजवाहक नहीं बन पाएंगे।

सुमारिवाला ने कहा,नीरज ने कहा है कि वह राष्ट्रमंडल खेलों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए सौ फीसदी फिट नहीं हैं। इसलिए वह उद्घाटन समारोह में भारतीय दल के ध्वजवाहक भी नहीं बन पाएंगे। नीरज विश्व चैंपियनशिप के फाइनल्स के दौरान रविवार को कुछ संघर्ष कर रहे थे। हम उनके लगातार संपर्क में हैं ताकि उन्हें जल्द ठीक होने में मदद कर सकें।

रविवार को नीरज पहले भारतीय पुरुष एथलीट बने थे जिसने विश्व चैंपियनशिप में पदक जीता। उन्होंने 88.13 मीटर की दूरी के साथ रजत हासिल किया। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने 90.54 मीटर की दूरी के साथ स्वर्ण जीता।

## नीरज चोपड़ा को एक महीने आराम की सलाह

नयी दिल्ली, 26 जुलाई। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के शुरू होने से मात्र दो दिन पहले इन खेलों से हटने वाले भारत के स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा को एक महीने आराम की सलाह दी गयी है। भारतीय ओलम्पिक संघ के महासचिव राजीव मेहता ने कहा,नीरज ने आज सुबह अमेरिका से फोन करके बताया कि वह बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

मेहता ने बताया कि विश्व चैंपियनशिप में भागीदारी के बाद नीरज का सोमवार को एमआरआई स्कैन कराया गया जिसके बाद उनकी मेडिकल टीम ने उन्हें एक महीने आराम की सलाह दी है। आईओए ने ट्वीट किया ,नीरज अपनी फिटनेस चिंताओं के कारण राष्ट्रमंडल खेलों में अपने खिताब का बचाव नहीं कर पाएंगे। हम उनके जल्द ठीक होने की उम्मीद करते हैं और इस चुनौतीपूर्ण समय में उनके साथ खड़े हैं।

# पेरिस ओलंपिक 2024 का कैलेंडर जारी हुआ

पेरिस, 26 जुलाई। पेरिस ओलंपिक 2024 की आयोजन समिति ने खेल आयोजनों का कैलेंडर जारी कर दिया है। दो साल बाद होने वाले 2024 ओलंपिक में 24 जुलाई और 11 अगस्त के बीच 762 सत्रों में कुल 329 स्पर्धाएं आयोजित होंगी। टीम खेलों की शुरुआत 24 जुलाई से होगी।

27 जुलाई को साइकिलिंग (महिला और पुरुष टाइम ट्रायल), जूडो, तलवारबाजी, डाइविंग, रग्बी, शूटिंग, तैराकी और स्केटबोर्डिंग सहित आठ खेलों में पदक स्पर्धाएं होंगी। सभी तैराकी और एथलेटिक्स फाइनल शाम को होंगे। तैराकी के आयोजन (अंतिम दिन को छोड़कर, शाम 6.30 बजे शुरू होने के साथ) 8.30 बजे (स्थानीय समयानुसार) और एथलेटिक्स के आयोजन शाम सात बजे से होंगे। तीन और चार अगस्त का सप्ताहांत भी आयोजनों से भरा होगा। उन दो दिनों में टेनिस, टेबल टेनिस, जूडो, तलवारबाजी, एथलेटिक्स, तीरंदाजी, निशानेबाजी, साइकिलिंग, गोल्फ, घुड़सवारी, नौकायन, कलात्मक जिमनास्टिक, बैडमिंटन और तैराकी की पदक स्पर्धाएं होंगी। एथलेटिक्स में 110 मीटर और 100 मीटर बाधा दौड़ के फ़ाइनल स्टेड डी फ्रांस में आठ अगस्त को शाम सात बजे से पुरुषों के लिए और 10 अगस्त शाम सात बजे से महिलाओं के लिए होंगे। पेरिस 2024 खेल 11 अगस्त को महिला मुकाबलों के साथ समाप्त होंगे। कुश्ती, भारोत्तोलन और ट्रैक साइकिलिंग का समापन महिला स्पर्धाओं के साथ होगा, जबकि महिला बास्केटबॉल का फाइनल भी इसी दिन होगा।

## रिकॉर्ड छह टीमों के साथ शतरंज ओलंपियाड में उतरेगा भारत

चेन्नई, 26 जुलाई। चेन्नई के महाबलीपुरम में 29 जुलाई से शुरू हो रहे शतरंज ओलंपियाड में कुल 30 भारतीय खिलाड़ियों सहित रिकॉर्ड छह टीमों (तीन ओपन और तीन महिलाएं) हिस्सा लेंगी। तीन भारतीय ओपन टीमें क्रमशः दूसरी, 11वीं और 17वीं वरीयता प्राप्त हैं। दूसरी वरीयता प्राप्त इंडिया-1 ओपन टीम में विदित गुजराती, पी. हरिकृष्णा, अर्जुन एरिगैसी, एस.एल. नारायण और शशिकरन कृष्णन को चुना गया है। इंडिया-2 ओपन टीम के सदस्य निहाल सरीन, डी.गुकेश, बी. अधिबान, आर.प्रगनानंद और रौनक साधवानी हैं, जबकि इंडिया-3 ओपन टीम में सूर्य शेखर गांगुली, एसपी सेथुरमन, अभिजीत गुप्ता, कार्तिकेयन मुरली और अभिमन्यु पुराणिक को शामिल किया गया है। संयोग से ओपन टीम के सभी 15 खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर हैं। महिला वर्ग में भारत-1 की टीम टॉप सीड है जबकि भारत-2 और भारत-3 की टीम क्रमशः 11वीं और 16वीं वरीयता प्राप्त है।भारत-1 महिला टीम में कोनेरू हम्पी, डी. हरिका, आर. वैशाली, तानिया सचदेव और भक्ति कुलकर्णी शामिल हैं।

भारत-2 महिला टीम में वंतिका अग्रवाल, सौम्या स्वामीनाथन, मैरी एन गोम्स, पद्मिनी राउत और दिव्या देशमुख हैं। भारत-3 की महिला टीम के लिये ईशा करावड़े, साहिती वार्शिनी, प्रत्युषा बोड्डा, नंदीधा पीवी और विश्व वासनावाला को चुना गया है। भारत चेन्नई के मामल्लापुरम में शतरंज ओलंपियाड के 44वें संस्करण की मेजबानी पहली बार कर रहा है। ओपन वर्ग में 188 टीमों और महिला वर्ग में 162 टीमों के साथ 187 देश इस आयोजन में हिस्सा ले रहे हैं। जो ओलंपियाड में अब तक की सबसे अधिक भागीदारी होगी। नॉर्वे के ट्रोम्सो में आयोजित 2014 शतरंज ओलंपियाड में भारत ने ओपन वर्ग में कांस्य पदक जीता था।

# भारत की नजरें 3-0 की क्लीन स्वीप पर

**वेस्टइंडीज से तीसरा एकदिवसीय आज**

पोर्ट ऑफ स्पेन, 26 जुलाई। साल 2022 के वनडे मैचों में 11 से 40 ओवरों के बीच वेस्टइंडीज़ के गेंदबाज़ों ने कुल 64 विकेट लिए हैं। यह किसी भी पूर्ण सदस्यीय टीम के द्वारा लिया गया सर्वाधिक विकेट है। भारतीय टीम ने इस दौरान 2022 में 46 विकेट गंवाए हैं। यह किसी भी पूर्ण सदस्यीय टीम के लिए दूसरा सर्वाधिक है। इस लिस्ट में पहला नाम वेस्टइंडीज़ का ही है। उन्होंने 11 से 40 ओवरों के बीच में सबसे ज़्यादा 90 विकेट खोए हैं।

दूसरे वनडे में अक्षर पटेल ने अपनी 64 रनों की धाकड़ पारी की बदौलत मैच को भारतीय टीम के झोली में डाल दिया था। अंतिम 10 ओवरों में भारत को जीत के लिए 100 रनों की आवश्यकता थी। इन 10 ओवरों में रोमारियों शेफ़र्ड ने दो ओवर किए और कुल 27 रन ख़र्च किए। इस साल वनडे में 41 से 50 ओवर के बीच कम से कम 75 गेंद फेंकने वाले गेंदबाज़ों में शेफ़र्ड का इकॉनमी रेट 10.28 है, जो सबसे ख़राब है। इस दौरान उन्होंने सिर्फ़ तीन विकेट ही झटके हैं।

ऐसा लग रहा है कि तीसरे वनडे में कीमो पॉल और जेसन होल्डर टीम में वापसी करेंगे और शेफ़र्ड को बेंच पर बैठना पड़ेगा। वहीं भारतीय टीम की निगाहें सूर्यकुमार यादव और दीपक हुड्डा पर होगी। टीम प्रबंधन चाहेगी कि ये दोनों बल्लेबाज़ बेहतर प्रदर्शन करें।

भारत ने भले ही दोनों वनडे में 300 का स्कोर बनाया हो लेकिन अल्ज़ारी जोसेफ़ ने दोनों मैचों में 5.35 की इकॉनमी रेट से गेंदबाज़ी की है। इसके अलावा उन्होंने चार विकेट भी झटके हैं। होल्डर की अनुपस्थिति में उन्होंने गेंदबाज़ी क्रम का बढ़िया नेतृत्व किया है। रविवार को खेला गया वनडे सूर्यकुमार का 12वां वनडे मैच था। इस मैच में वह दहाई के आकड़ें को छूने में असफल रहे और ऐसा उनके वनडे करियर में दूसरी बार हुआ। वह अब तक नौ पारियों में आउट हुए हैं, जिसमें तीन पारियों में वह बोल्ड हुए हैं। तीनों बार भीतरी किनारा लग कर गेंद विकेट पर लगी है।

यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि जेसन होल्डर अंतिम वनडे के लिए फ़िट हो सकते हैं या नहीं। हालांकि अगर वह फ़िट नहीं हुए तो टीम में कीमो पॉल को जगह मिल सकती है।

भारतीय टीम में प्रसिद्ध कृष्णा वापस आ सकते हैं। शायद मोहम्मद सिराज या आवेश ख़ान में से किसी एक को टीम से बाहर रखा जा सकता है। बीसीसीआई की प्रेस विज्ञिप्त के अनुसार रवींद्र जडेजा को घुटने की चोट के कारण पहले दो वनडे मैचों से बाहर रहना पड़ा था। इसलिए यदि वह टीम में वापस आते हैं तो अक्षर पटेल को टीम से बाहर बैठना पड़ सकता है।

## भारतीय खिलाड़ियों को सार्वजानिक स्थलों पर ज्यादा न घूमने की सलाह

बर्मिंघम, 26 जुलाई। भारतीय ओलम्पिक संघ ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा ले रहे भारतीय दल के खिलाड़ियों से सार्वजानिक स्थलों पर कोविड-19 के खतरे के मद्देनजर ज्यादा समय न गुजारने की सलाह दी है क्योंकि इसका खिलाड़ियों के स्वास्थ्य और भागीदारी पर उल्टा असर पड़ सकता है। आईओए ने मंगलवार को एक बयान जारी कर खिलाड़ियों को यह सलाह देते हुए कहा है कि वे अपनी सार्वजानिक उपस्थिति को न्यूनतम रखें और जहां जरूरत हो पूरी सावधानी रखें।



# ‘देश के असली मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए केन्द्रीय एजेंसियों का खुलेआम राजनीतिकरण हो रहा है’

## पायलट को दिल्ली में लिया गया हिरासत में

जयपुर, 26 जुलाई (का.प्र.)। दिल्ली में कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी से ईडी की पूछताछ के विरोध में प्रदर्शन कर रहे पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट सहित कई नेताओं को पुलिस ने मंगलवार को हिरासत में लिया है। कांग्रेस के सांसद व नेता दिल्ली में ईडी ऑफिस और कांग्रेस मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे। कांग्रेस नेताओं को किंग्सवे कैंप पुलिस लाइन ले जाया गया है।

राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने प्रदर्शन के बाद केंद्र सरकार और बीजेपी पर निशाना साधा। पायलट ने कहा, पिछले आठ साल से इस देश में केंद्रीय एजेंसियों को एक लक्ष्य दिया गया है कि, कैसे विपक्ष को और खासकर कांग्रेस की आवाज को दबाया जाए। कभी ईडी के समन भेजना, पूछताछ करना, बेवजह आरोप लगाना इनकी टैन्डैन्सी बन गई है।

पायलट ने कहा, देश के जो असली मुद्दे हैं, जैसे बेरोजगारी, महंगाई, जीएसटी, कृषि की समस्याएं आदि, उनसे ध्यान हटाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का खुलेआम राजनीतिकरण हो रहा है। इसके विरोध में हमने सत्याग्रह किया है। केंद्र सरकार पर तानाशाही इतनी हावी है कि अपने विरुद्ध उठने वाली हर आवाज को षड्यंत्र से कुचलना चाहती है। सत्ता का गलत उपयोग कर हमें गिरफ्तार करके भाजपा ने फिर अपने अहंकार का परिचय दिया है, लेकिन भाजपा के हर कुचक्र के खिलाफ हमारा सत्याग्रह जारी रहेगा। पायलट ने कहा, हम चाहते हैं कि संसद में देश के मुद्दों पर चर्चा हो। संसद में महंगाई, बेरोजगारी और लोगों के साथ हो रहे अन्याय पर चर्चा हो। इनका एक ही लक्ष्य है कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी को बदनाम किया जाए। देश यह सब देख रहा है और समझ रहा है। लोग समझेंगे और आठ साल के कुशासन को खत्म करने के लिए हमारे साथ खड़े होंगे। देश की जनता आज जवाब मांग रही है, जनता कांग्रेस के साथ खड़ी है।

# जोधपुर में 15 घंटे में एक सौ अट्ठारह मिलीमीटर वर्षा, शहर पूरा पानी-पानी

- सोमवार शाम से हो रही भारी बारिश से शहर में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं, स्कूलों में भी छुट्टी कर दी गई।
- भारी बारिश से हुए जल भराव से शहर के बिगड़े हालात का जायजा लेने प्रशासन सड़कों पर उतरा।
- बारिश की वजह से रोडवेज़ की बसें नहीं चलीं और ट्रेनें भी लेट हो रही हैं।

जोधपुर, 26 जुलाई (कासं)। दक्षिण पश्चिम मानसून प्रदेश में सक्रिय होने से जोधपुर संभाग में बादल टूट कर बरसे। सोमवार की शाम सात बजे शुरू हुई बारिश का दौर मंगलवार दोपहर तक जारी रहा। रूक- रूक हो रही बारिश से शहर के नाले उफान पर आ गए और सड़कें भी दरिया बन गईं। अब तक 118 एम.एम. पानी बरस चुका है।

बारिश की वजह से कुछ जगहों पर दीवारें गिरीं तो कई स्थानों पर जल भराव हुआ और पेड़ तक गिर गए हैं। जोधपुर शहर के साथ ग्रामीण इलाकों में भी खूब पानी बरसा है।

इधर रोडवेज के पहिए भी थम गए हैं और कई ट्रेनों के समय में परिवर्तन किया गया है। शहर में बारिश के कारण सरकारी आदेश पर आज स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई वहीं राजस्थान हाईकोर्ट में भी कामकाज प्रभावित हुआ है।

बीते करीब 15 घंटे से हो रही बारिश से शहर में बाढ़ के हालात हैं। जिला कलक्टर हिमांशु गुप्ता सहित प्रशासनिक अमला शहर के हालात का जायजा लेने उतरा है।

मूसलाधार बरसात का दौर जोधपुर व आसपास के एरिया में सोमवार शाम करीब सात बजे से शुरू हुआ। तीन घंटे की तेज बरसात से शहर की गलियों में कई फीट तक पानी जमा हो गया और पानी का बहाव नदी जैसा लगने लगा। इस बहाव में कई गाडिय़ां बहती दिखीं। मानसून के 22 दिनों में जोधपुर की यह पहली तेज बारिश है। शहर के कई इलाकों में बिजली गुल है।

शहर के रेलवे स्टेशन में पानी भरने से यात्रियों को बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ा। रेलवे ट्रैक पर इतना पानी भरा था कि ट्रैक नजर नहीं आए। प्लेटफॉर्म और स्टेशन के बाहर भी जलभराव से यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। इधर राइकाबाग बस स्टैंड में भी पानी भर गया।

शहर के कागा कॉलोनी स्थित राधाकृष्ण मंदिर रामगढ़ी में दीवार ढहने से वहां खड़ी कार क्षतिग्रस्त हो गई। जेसीबी की मदद से मलबे के साथ कार को निकाला गया।

इधर भीतरी शहर के पुंगलपाडा स्थित गाय गली में शाहों की पोल की दीवार का हिस्सा ढह गया जिससे दुपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। सोमवार की रात को हुई बरसात के कारण भीतरी शहर में पानी के तेज वेग से गाडिय़ां बह गईं। खांडा फलसा दूधेश्वर महादेव मंदिर क्षेत्र में दुकानों में पानी भर गया। जालोरी गेट जालप मोहल्ला क्षेत्र में पानी के वेग के साथ दो कारें बह गईं। जलजोग, बारहवी रोड़, खतरनाक पुलिया, पावटा, मंडोर, जिला कलेक्ट्रेट, नेहरु पार्क आदि क्षेत्रों में सड़कों पर कमर तक पानी भर गया है।

नगर निगम की घोर लापरवाही का खामियाजा शहर के लोग भुगत रहे हैं। शहर के सभी बरसाती नालों की निकासी बंद पड़ी है। कोई भी नाला जोजरी नदी से नहीं जुड़ पाया। पानी निकासी का कोई रास्ता नहीं होने के कारण पानी शहर के एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र की तरफ बढ़ता रहा। शहर का कोई क्षेत्र ऐसा नहीं बचा जहां जल भराव नहीं हो रखा है।

भीतरी शहर व सरदारपुरा के बरसाती पानी की निकासी के लिए नेहरू पार्क के समीप से गंदा नाला बहना शुरू होता है। इसे जोजरी नदी से जोडऩे का काम बरसों से अटका पड़ा है। ऐसे में इसका पानी आगे जाकर कॉलोनियों में फैल जाता है। वहीं चौपासनी हाउसिंग बोर्ड की जल निकासी के लिए दस करोड़ की लागत से बनाया जा रहा नाला निगम की लापरवाही के कारण अधूरा पड़ा है। बंबा मोहल्ले से शुरू होने वाली बरसाती नाले को तो निगम ने कई जगह पर सीवर लाइन से ही जोड़ दिया। सीवर लाइन की अपनी क्षमता है। उसके माध्यम से पानी की निकासी बेहद धीमी रफ्तार से हो पाती है।

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने जोधपुर में भारी वर्षा के मद्देनजर आमजन को सावधानी बरतने का आ ान किया है। जोधपुर की स्थिति को लेकर शेखावत निरंतर जिला कलेक्टर और निगम प्रशासन के संपर्क में हैं। उन्होंने मंगलवार सुबह महापौर और निगम के पार्षदों से भी फ़ोन पर बातचीत की।

## 28 हज़ार करोड़ के रक्षा सौदों को मंजूरी

नयी दिल्ली 26 जुलाई (वार्ता)। सरकार ने सशस्त्र सेनाओं के लिए करीब 29 हजार करोड़ रूपए के रक्षा सौदों को मंजूरी दी है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक में सशस्त्र सेनाओं के लिए 28732 करोड़ रुपए के सौदों को मंजूरी दी गई। यह खरीद स्वदेशी कम्पनियों से की जाएगी, जिससे रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ ावा मिलेगा।

- विभिन्न संघर्षों तथा अभियान के दौरान ड्रोन के बढ़ ते इस्तेमाल को देखते हुए सेनाओं के लिए निगरानी और हथियारों से लैस ड्रोन की खरीद को मंजूरी दी गई है।

इन सौदों के तहत सीमाओं पर विशेष रूप से अग्रिम मोर्चे पर तैनात सैनिकों और आतंकवाद अभियानों में शामिल बलों के लिए बुलेट प्रूफ जैकेट तथा कार्बाइन खरीदी जाएंगी।

विभिन्न संघर्षों तथा अभियान के दौरान ड्रोन के बढ़ ते इस्तेमाल को देखते हुए सेनाओं के लिए निगरानी और हथियारों से लैस ड्रोन की खरीद को मंजूरी दी गई है। तटीय क्षेत्रों में सुरक्षा को बढ़ ाने के उद्देश्य से तटरक्षक बल के लिए तेज गति से चलने वाली 14 नौकाओं की भी खरीद की जाएगी।

# जोधपुर में 4 बच्चों की पानी में डूबने से मौत

- गोविन्दपुरा गांव के चार बच्चे नाड़ी पर गए थे, जहां एक-एक कर डूबते गए और उनकी मौत हो गई।
- सभी बच्चे 12 से 16 साल के हैं, जिनमें से 15 साल की अनिता व 12 साल का किशोर सगे भाई-बहन हैं।

जोधपुर, 26 जुलाई (कासं)। जोधपुर शहर के निकटवर्ती खेड़ापा स्थित बावड़ी कस्बे के गोविंदपुरा गांव में मंगलवार की दोपहर नाड़ी पर गए चार बच्चों की पानी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। शवों को नाड़ी से बाहर निकलवा कर सीएचसी अस्पताल की मौर्चुअरी में रखवाया गया है। पुलिस और प्रशासन ने मौके पर पहुँचकर जायजा लिया।

ग्रामीण पुलिस ने बताया कि खेड़ापा के बावड़ी कस्बे में गोविंदपुरा गांव के चार बच्चों, 12 साल का पिंटू पुत्र रामनिवास, 15 साल की अनिता पुत्री हीराराम, 16 साल की संजू पुत्री प्रकाश एवं 12 साल का किशोर पुत्र हीराराम, की पानी में डूबने से मौत हो गई। ये सब बारिश का आनंद लेने गोविंदपुरा स्थित एक नाड़ी पर गए थे जहां एक एक कर वो सब डूब गए। सूचना मिलने पर खोड़ापा पुलिस और उपखंड अधिकारी आदि वहां पहुंचे।

## हज...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

बाहर दी जाने वाली सेवाओं के लिये जी.एस.टी. की एक्स्ट्रटेरिटोरियल एप्लिकेशन पर वादियों द्वारा उठाया गया मुद्दा अभी खुला हुआ है क्योंकि यह एक अन्य बैंच के पास विचाराधीन है। टूर ऑपरेटर उन हाजियों पर लगाई गई जी.एस.टी. को चुनौती देने के लिये सर्वोच्च न्यायालय गये, जो उनके द्वारा दी जाने वाली सेवाओं का लाभ लेते हैं। याचिकाकर्ताओं के अनुसार, संविधान के अनुच्छेद 245 के अनुसार, कोई भी टैक्स-कानून एक्स्ट्राटेरिटोरियल, गतिविधियों पर लागू नहीं होता। उन्होंने टैक्स लगाये जाने को भेदभावपूर्ण बताया, क्योंकि यह छूट उन हाजियों को तो मिल जाती है, जो हज कमेटी ऑफ इंडिया के माध्यम से तीर्थयात्रा पर जाते हैं। 2020 में कोविड-19 के फैलने के बाद, यह पहला अवसर है, जब सऊदी अरब ने विदेशी तीर्थयात्रियों को हज करने की अनुमति दे दी है क्योंकि पिछले दो वर्ष यह यात्रा केवल घरेलू तीर्थयात्रियों तक सीमित कर दी गई थी।

# ‘आम आदमी क्लीनिक’

- मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आप सरकार 15 अगस्त को, जनता को 75 आम आदमी क्लीनिक समर्पित करेगी।

चंडीगढ़ , 26 जुलाई (वार्ता) पंजाब में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने का दावा करते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री चेतन सिंह जौड़ामाजरा ने कहा कि पंजाब सरकार 15 अगस्त से आम आदमी क्लीनिक्स की शुरुआत करने जा रही है, जिससे राज्य के हर वर्ग को उच्च स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने पंजाब भवन में मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पत्रकारों से कहा कि आप सरकार अपने एक और बड़े चुनावी वादे को पूरा करने जा रही है। मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आप सरकार 15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनता को 75 आम आदमी क्लीनिक समर्पित करेगी। इन क्लीनिकों में आम लोगों का मुफ्त इलाज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 109 नए आम आदमी क्लीनिक स्थापित किए जाएंगे, ताकि राज्य में आम आदमी बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित न रहे।

## पाकिस्तान में बारिश से 18 की मौत

इस्लामाबाद , 26 जुलाई (वार्ता)। पाकिस्तान के कई शहरों में लगातार बारिश के कारण देश भर में आई अचानक बाढ़ में कम से कम 18 और लोगों की मौत हो गई है। डॉन ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

समाचार पत्र डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक सिंध के कई इलाकों में लगातार बारिश के कारण गंभीर

- सिंध के कई इलाकों में लगातार बारिश के कारण गंभीर जल-जमाव होने से लोगों ने प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया।

जलजमाव होने के कारण लोगों ने प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। कई इलाकों में घंटों बिजली गुल रहने और रिहायशी इलाकों में पानी भर जाने से लोगों में नाराजगी है।

उनकी शिकायतों को अधिकारी अनसुनी कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक बारिश ने विशेष रूप से कराची शहर के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है।

# श्रीलंका में डॉक्टरों और दवाईयों की कमी, अस्पताल खाली हुए

- देश के अभूतपूर्व आर्थिक संकट ने स्वतंत्र और सार्वभौमिक स्वास्थ्य प्रणाली को भी नहीं बख्शा।
- मौजूदा समय में देश में विभिन्न आवश्यक वस्तुओं की कमी चल रही है, जिसमें दवाएं भी प्रमुख रूप से शामिल हैं। दवाईयों की कमी के कारण छोटी से लेकर गंभीर बीमारियों से पीड़ित रोगियों के जीवन को बचाने में बहुत परेशानी आ रही है।

कोलम्बो 26 जुलाई (वार्ता)। श्रीलंका का राष्ट्रीय अस्पताल देश का सबसे बड़ा अस्पताल है। देश में राजनीतिक और आर्थिक संकट से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रही है और अस्पताल मरीज़ों और डॉक्टरों के न होने से खाली पड़े हैं। एक रिपोर्ट में मंगलवार को यह जानकारी सामने आयी है।

देश में अभूतपूर्व आर्थिक संकट ने स्वतंत्र और सार्वभौमिक स्वास्थ्य प्रणाली को भी नहीं बख्शा और इससे बड़ा झटका दिया है, जो कुछ महीने पहले श्रीलंका की दक्षिण एशियाई पड़ोसियों के तुलना में स्वास्थ्य क्षेत्र में अच्छी स्थिति मानी जाती थी।

मौजूदा समय में देश में विभिन्न आवश्यक वस्तुओं की कमी चल रही है, जिसमें दवाएं भी प्रमुख रूप से शामिल हैं।

दवाईयों की कमी के कारण छोटी से लेकर गंभीर बीमारियों से पीड़ित रोगियों के जीवन को बचाने में बहुत परेशानी आड़े आ रही है।

राष्ट्रीय अस्पताल हालांकि आम तौर पर पूरे द्वीप राष्ट्र में विशेष उपचार के लिए जाना जाता है। जो इस संकट के दौर में स्वास्थ्य कर्मियों की कमी से जूझ रहा है और इसके 3,400 बिस्तरों में से कई अप्रयुक्त हैं। अस्पताल में सर्जिकल उपकरण और जीवन रक्षक दवाओं की आपूर्ति लगभग खत्म हो गई है, जबकि पेट्रोल की कमी ने रोगियों और डॉक्टरों दोनों को इलाज के लिए अन्यत्र जाने में सबसे बड़ी बाधा पैदा कर दी है। श्रीलंका अपनी जरूरतों के शेष हिस्से के निर्माण के लिए कच्चे माल के साथ-साथ 85 प्रतिशत दवाओं और चिकित्सा उपकरणों का आयात करता है।

देश अब हालांकि दिवालिया के कगार पर पहुंच गया है और विदेशी मुद्रा की कमी ने अर्थव्यवस्था को लगभग चौपट कर दिया है और इस संकट से उबरने के लिए पर्याप्त पेट्रोल और बीमारों के इलाज के लिए पर्याप्त फार्मास्यूटिकल्स के स्त्रोत आड़े आ रहे हैं।

# नकली नोट की कमाई से मंहगे शौक पूरे कर रहे अपराधियों ने किए कई खुलासे

## पूछताछ में हो रहे इन खुलासों से पुलिस भी हैरान है

- ये अपराधी नकली नोटों की कमाई से मंहगी गाड़ियों में घूमते, मंहगे होटलों में रूकते थे और कॉल गर्ल्स पर भारी रकम खर्च करते थे।
- सभी ने सट्टा लगाने और ड्रग्स लेने की बात भी कबूली।
- गिरोह के मास्टर माइन्ड ने एक साल में ही आधुनिक सुविधाओं से सम्पन्न करोड़ों का बंगला बना लिया।

बीकानेर, 26 जुलाई (कासं)। राजस्थान में नकली नोट छापने वाले अब तक के सबसे बड़े रैकेट का खुलासा हुआ है। बीकानेर में पकड़े गए 6 आरोपियों से पुलिस ने 2.74 करोड़ से ज्यादा रुपये के नकली नोट बरामद किए थे। देशभर में इन्होंने ये नकली नोट चलाये हैं। अब इनसे हुई पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं।

बीकानेर रेंज के आईजी ओमप्रकाश पासवान ने बताया कि इस गिरोह के सभी सदस्यों के बड़े-बड़े शौक थे। बड़े शहरों की होटलों में कॉलगर्ल्स बुलाने के साथ -साथ घूमने के लिए महंगी गाड़ियां खरीदी थीं। कहीं आने-जाने पर महंगे होटल में ही ठहरते और लाखों रुपये एक दिन में उड़ा देते थे। गिरोह के मास्टरमाइंड चम्पालाल ने नकली नोटों के धंधे से बीकानेर में आलीशान बंगला बना लिया है। ये लोग जुआ सट्टा में भी बड़ी रकम लगाते थे। बताया जाता है कि सभी सदस्य महंगे नशे के भी आदी हैं। फिलहाल चम्पालाल शर्मा उर्फ नवीन सारस्वत (31) के साथ रविकांत जाखड़ (24), नरेन्द्र शर्मा उर्फ विक्की (27) मालचंद शर्मा (29) पूनमचंद शर्मा (26) और राकेश सारस्वत (22) पुलिस की गिरफ्त में हैं। पूछताछ में इनकी प्रॉपर्टी के बारे में जानकारी भी सामने आई है। पुलिस ने दो दिन पहले इस गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार किया था।

पुलिस ने रेड के दौरान इन युवकों से चार गाड़ियां भी बरामद की हैं, जो करीब 60 लाख रुपये की हैं। इसमें एक जीप कम्पास भी शामिल है, जिसकी कीमत करीब 19 लाख रुपये है। साथ ही नैक्सा एस क्रास भी मिली, जो करीब दस लाख रुपये की है। इसके अलावा सात से आठ लाख रुपये लागत की बलेनो और स्विफ्ट डिजायर भी बरामद की गई।

यह भी पता चला है कि पुलिस गिरफ्त में मौजूद 6 युवक एमडी जैसा सबसे महंगा नशा भी करते हैं। नोखा में पिछले दिनों एमडी की तस्करी करते युवक भी गिरफ्तार हुए थे। अब यह भी पता लगाया जा रहा है कि कहीं नशे के कारोबार में तो इनका हाथ नहीं है।

चम्पालाल शर्मा के आलीशान बंगले की तलाशी भी ली गई है। हालांकि यहां क्या-क्या मिला, इसकी जानकारी नहीं दी गई। इसी तरह गिरोह के एक अन्य सदस्य ने बीकानेर की महंगी कॉलोनी वृंदावन एनक्लेव में मकान ले रखा था। पुलिस इन लोगों की प्रॉपर्टी देखकर हैरान है।

## राजघाट...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

यह पता चलता है कि कांग्रेस के किसी भी विरोध से भाजपा डरी हुई हैं।

उन्होंने कहा कि बार-बार (ई.डी.) के सम्मन देकर 75 वर्षीय महिला को परेशान करना स्पष्ट रूप से एक राजनीतिक प्रतिशोध हैं। उन्होंने कहा कि यह भारत का पहला ऐसा केस हैं जिसमें जांच एजेंसी ने करीब 10 वर्ष तक सभी फाइलें अपने पास रखने के बाद जांच से इन्कार कर दिया था क्योंकि यह केस एक खुली किताब जैसा है, फिर भी जिसमें पार्टी के दो आदरणीय नेताओं को बदनाम किया गया। इनमें राहुल गांधी से पांच दिन पूछताछ की गई और सोनिया गांधी से मंगलवार को दूसरी बार।

# ‘ब्रिटेन-चीन संबंधों के साथ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

चीन के लिए उनका रूख ट्रस की तुलना में कम कठोर है। तथापि, ट्रस के साथ होने वाली बहस से पूर्व सुनक ने अपना रूख पूर्णतया बदल लिया है। एफ.टी. के अनुसार सुनक ने सोमवार का कहा था कि वे यू.के. में कन्फ्युशियस इन्स्टीट्यूट की सभी 30 शाखाओं को प्रतिबंधित कर देंगे। इसके लिए उन्होंने तर्क दिया था कि चीन सरकार इस शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक संगठन का उपयोग ब्रिटेन के विश्वविद्यालयों में सॉफ्ट पावर को प्रोत्साहन देने के लिए कर रही है। उन्होंने यू.के. के तकनीकी स्टार्ट अप्स में चीन के निवेश से बचाने के लिए नए राष्ट्रीय सुरक्षा कानूनों का कड़ा प्रयोग करने और चीन की सायबर धमकियों का मुकाबला करने के लिए नाटो जैसे एक नए अन्तर्राष्ट्रीय गठबंधन का वादा भी किया। सुनक और ट्रस के बीच करीब 1 लाख 60 हजार कन्ज़रवेटिव सदस्यों का समर्थन जुटाने की होड़ मची हुई है, ये सदस्य अपना अगला नेता चुनने के लिए अगत की शुरुआत में वोटिंग शुरु करेंगे, यही नेता सत्तारूढ़ पार्टी का प्रमुख होने के नाते ब्रिटेन का अगला प्रधानमंत्री बनता है।

चीन के विश्लेषकों ने कहा कि यू.के. वर्तमान में गंभीर आर्थिक समस्याओं का सामना कर रहा है और यदि वह चीन के साथ अपने संबंध और खराब कर अपने द्विपक्षीय व्यापार संबंध को प्रभावित करता है तो वह निश्चित रूप से अधिक प्रभावित होगा। अत: राजनेता चुनाव में वोट जुटाने के लिए कुछ भी कह सकते हैं, लेकिन उन्हें ये भी याद रखना चाहिए कि निर्वाचन के बाद उनकी प्राथमिकताएं क्या हैं और यदि वे अपने वादों पर वास्तव में खरा उतरते हैं तो फिर क्या होगा। यू.के. अब एक गंभीर आर्थिक समस्या का सामना कर रहा है। गॉर्जियन के अनुसार यू.के. की महंगाई दर 40 वर्षों में सबसे अधिक 9.4 प्रतिशत है और अक्टूबर माह में 12 प्रतिशत हो सकती है। गॉर्जियन ने शुक्रवार को खबर दी थी कि नैशनल रेल और दर्जनभर से अधिक ट्रेन कंपनियों के 40 हजार से अधिक कर्मचारियों की अगले सप्ताह एक सुनियोजित हड़ताल है और वर्ष 1995 के बाद से यह अपने तरह की पहली राष्ट्रीय हड़ताल होगी। सरकार ने जब पब्लिक सैक्टर के लाखों कर्मियों के लिए महंगाई की तुलना में कम वेतन बढ़ोतरी की तब ट्रेड यूनियनों के आवेशित नेताओं ने आने वाले महीनों में कई हड़तालों का 19 जुलाई को संकेत दिया था।

विश्लेषकों ने कहा कि यू.के. के नए नेता की इन परेशानियों के समक्ष चीन-यू.के. संबंधों को नुकसान पहुंचाने वाले बेतुके कदम नहीं उठाने चाहिए। यूरोप के मीडिया संस्थान यूरो न्यूज के अनुसार वर्ष 2021 में चीन जर्मनी को पछाड़कर यू.के. का सबसे बड़ा आयात बाजार बन गया क्योंकि बैक्ज़िट और कोविड-19 की वैश्विक महामारी के कारण यूरोपीयन यूनियन के सदस्य देशों का वस्तु व्यापार कम हो गया। ब्रिटेन के ऑफिस फॉर नैशनल स्टैटिस्टिक्स के अनुसार ई.यू. देशों के साथ कुल वस्तु व्यापार में वर्ष 2018 की पहली तिमाही में 23 प्रतिशत से अधिक की कमी आई और वर्ष 2021 की पहली तिमाही में गैर ई.यू. देशों का व्यापार सिर्फ 0.8 प्रतिशत ही कम हुआ।

# आई.एम.एफ. का आकलन है,...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

प्रतिशत था। देश में बढ़ती महंगाई और जी.डी.पी. ग्रोथ पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। हालांकि घटे स्तर पर भी भारत की "ग्रोथ" प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सर्वाधिक होगी। संशोधित अनुमान में एक महत्वपूर्ण बात यह है कि विश्व मंदी के कगार पर है। यह गिरावट केन्द्रीय बैंकों की प्रतिबंधात्मक मौद्रिक नीति की वजह से है। दो बड़े देशों रुस व चीन की अर्थव्यवस्था के संकुचन के कई नकारात्मक प्रभाव हो रहे है। चीन तो हाउसिंग सैक्टर में नए खतरे से जूझ रहा है, यहां कर्ज़ लेकर घर खरीदने वालों ने कर्ज़ की किश्तें चुकाने से मना कर दिया। इससे चीन भारी "क्रैडिट क्राइसिस" में जा सकता है, और फाइनैंशियल सैक्टर फ्रीज़ हो सकता है।

चीन की फाइनैंशियल सैक्टर की समस्या काफी प्रचंड है क्योंकि डूबत कर्जों, बैंक पर बढ़े भार और "मॉर्गेज वैल्यु" में कमी जैसे महत्वपूर्ण कारकों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। इस संकट की वजह प्रॉपर्टी की खरीद फरोख्त रुक गई है, जिससे प्रॉपर्टी कम्पनियों की स्थिति और बिगड़ जाएगी। रूस के मामले में अभी भी यह पता नहीं है कि प्रतिबंधों की वजह से गत कुछ महीनों से रूस की आर्थिक ग्रोथ कितनी कम हुई है। हालांकि ऊर्जा की बढ़ती कीमतों ने फिलहाल रूस को राहत दी है पर रूस पर व्यापक प्रतिबंधों की वजह से रूसी कम्पनियों के लिए काम करना कठिन होता जा रहा है।

ग्लोबल इकॉनमी के इस संकट से कई देशों की ग्रोथ संभावना प्रभावित हो रही है पर भारत किसी हद तक सुरक्षित है भारत की अर्थव्यवस्था निर्यात या अन्तर्राष्ट्रीय वित्त प्रवाह पर कम निर्भर है इसलिए भारत की संभावनाएं ज्यादा प्रभावित नहीं होंगी। सबसे ज्यादा चीन प्रभावित हुआ है क्योंकि यह निर्यात और विदेशों से आने वाली पूंजी पर निर्भर है। चीन की ओर होने वाला पूंजी प्रवाह लॉकडाउन और कोविड की वजह से प्रभावित हुआ है। कई बड़ी कम्पनियों ने चीन में निवेश करने के प्रस्ताव वापस ले लिए हैं।

## मंगलवार ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

आक्रोश भी बढ़ता गया तथा आसमान छूने लगा। केवल अशोक गहलोत का रक्तचाप ही इसका अपवाद था, जो नीचे जा रहा था तथा उसे बढ़ाने के लिये काफी कुछ किये जाने की जरूरत थी।

राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371 अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908